गांधी जी के सुविचार

दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक

RNI No.61546/95




# क्षितिज किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा | वर्ष-32 अंक-209 | नर्मदापुरम (होशंगाबाद) मंगलवार 29 सितम्बर 2026 | पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये | सम्पादक- कृष्णाकान्त सक्सेना

## उज्जैन में शाही मस्जिद को लेकर बवाल, भीड़ ने किया पथराव; पुलिस ने छोड़े आंसू गैस के गोले





उज्जैन (ए.) । सिंहस्थ 2028 की तैयारियों के तहत सड़क चौड़ीकरण की जद में आ रही शाही मस्जिद के एक हिस्से को हटाने को लेकर उज्जैन में तनाव की स्थिति बनी हुई है। रविवार से ही मस्जिद के बाहर बड़ी संख्या में लोग जुटकर कार्रवाई का विरोध कर रहे थे। सोमवार को भी विरोध जारी रहा और इस दौरान पुलिस पर पथराव की खबर सामने आई। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे। मामले में इंदौर हाईकोर्ट में आज सुनवाई होनी है। उज्जैन के अब्दालपुरा इलाके में शाही मस्जिद के सड़क चौड़ीकरण की जद में आने वाले हिस्से को हटाने की कार्रवाई को लेकर पिछले दो दिनों से तनाव बना हुआ है। रविवार रात प्रशासन जेसीबी और पोकलेन मशीनों के साथ मौके पर पहुंचा तो बड़ी संख्या में लोग मस्जिद के बाहर जमा हो गए और कार्रवाई का विरोध करने लगे। पुलिस और प्रशासन ने लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन देर रात तक इलाके में तनाव की स्थिति बनी रही।स्थिति को देखते हुए इलाके में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है और मस्जिद के आसपास बैरिकेडिंग कर आवाजाही को नियंत्रित किया गया। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने मुस्लिम समाज के लोगों से बातचीत कर स्थिति सामान्य करने का प्रयास किया। रविवार रात बड़ी संख्या में लोग मस्जिद के अंदर और बाहर मौजूद रहे। सोमवार को भी विरोध प्रदर्शन जारी रहा। इसी दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच तनाव बढ़ गया और पुलिस पर पथराव की खबर सामने आई। इसके बाद पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे। सिंहस्थ 2028 की तैयारियों के तहत उज्जैन में विभिन्न मार्गों का चौड़ीकरण किया जा रहा है। शाही मस्जिद के मामले में सड़क को 15 मीटर चौड़ा करने की योजना है और मस्जिद का कुछ हिस्सा प्रस्तावित सड़क की जद में आ रहा है। इसी हिस्से को हटाने को लेकर विवाद बना हुआ है।शहर में सड़क चौड़ीकरण के लिए कई मकानों और अन्य निर्माणों के प्रभावित हिस्सों को हटाने की प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है। अधिकारियों के मुताबिक, अलग-अलग स्थानों पर लोग अपनी संपत्तियों के चिन्हित हिस्से स्वेच्छा से हटाने के लिए आगे आए हैं। शाही मस्जिद के प्रभावित हिस्से को हटाने के खिलाफ मुस्लिम समाज की ओर से कानूनी लड़ाई भी जारी है। पहले दायर याचिकाएं इंदौर हाईकोर्ट की एकल पीठ खारिज कर चुकी है। इसके बाद मामले में आगे की कानूनी प्रक्रिया के तहत सोमवार को हाईकोर्ट में सुनवाई होनी है।फिलहाल प्रशासन ने इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी है और स्थिति पर नजर रखी जा रही है। अदालत की सुनवाई और उसके बाद होने वाली कार्रवाई पर सभी की नजर है।

### मस्जिद तोड़ने के खिलाफ याचिका हाईकोर्ट में खारिज

#### सड़क के लिए 3 फीट जगह के साथ कुछ दुकानें हटाने पर सहमति बनी

उज्जैन (ए.) । शाही मस्जिद मामले में दायर याचिका मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने खारिज कर दी है। सभी पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने जिला प्रशासन और मस्जिद कमेटी के बीच हुए समझौते के आधार पर मामले को डिस्पोज ऑफ कर दिया। याचिकाकर्ता शाही मस्जिद कमेटी के एडवोकेट कुलदीप पाठक ने कहा- सड़क के लिए 3 फीट जगह के साथ कुछ दुकानें हटाने पर सहमति बनी है। बड़ी मीनार को दूसरी ओर शिफ्ट किया जाएगा। दुकानों के लिए दूसरी जगह दी जाएगी। इससे पहले सोमवार सुबह मस्जिद का एक हिस्सा तोड़े जाने को लेकर जमकर हंगामा हुआ।



नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में नेशनल इंटीग्रेशन टूर के तहत गंगटोक (सिक्किम) और ल्हो गोम्पा, तवांग (अरुणाचल प्रदेश) के छात्रों के समूहों के साथ बातचीत के दौरान एक छात्र राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलता हुई।

## बैंक ग्राहकों को बड़ी राहत, 28 से 30 सितंबर की प्रस्तावित हड़ताल टली, खुले रहेंगे सभी बैंक



नई दिल्ली,(आरएनएस)। देशभर के बैंक ग्राहकों के लिए राहत की खबर है। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस (यूएफबीयू) ने 28 से 30 सितंबर तक प्रस्तावित तीन दिवसीय राष्ट्रव्यापी बैंक हड़ताल को स्थगित कर दिया है। रविवार रात इंडियन बैंक्स एसोसिएशन (आईबीए) और यूएफबीयू के बीच हुई बैठक के बाद यह फैसला लिया गया। हड़ताल टलने के बाद सोमवार से बैंक शाखाओं में सामान्य रूप से कामकाज जारी रहेगा। हड़ताल ऐसे समय प्रस्तावित थी, जब बैंकों में छमाही क्लोजिंग की प्रक्रिया चल रही है। ऐसे में तीन दिनों तक बैंक बंद रहने से ग्राहकों के साथ-साथ बैंकिंग लेन-देन और अन्य वित्तीय गतिविधियों पर असर पड़ने की आशंका थी। अब हड़ताल स्थगित होने से बैंकिंग सेवाएं निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जारी रहेंगी।बैंक यूनियनों की प्रमुख मांगों में लंबे समय से लंबित पांच दिन के कामकाजी सप्ताह को लागू करना भी शामिल है। आईबीए और यूएफबीयू के बीच हुई सहमति के अनुसार, महीने के सभी शनिवारों में से बाकी शनिवारों को अवकाश घोषित करने के मुद्दे पर विचार के लिए दोनों पक्षों की एक उच्चस्तरीय समिति तत्काल गठित की जाएगी। यूएफबीयू के अनुसार, समिति इस संबंध में उपलब्ध सभी विकल्पों पर विचार करेगी और विभिन्न हितधारकों के साथ चर्चा के बाद ऐसा समाधान तलाशेगी, जिसे बैंक कर्मचारियों और ग्राहकों सहित संबंधित पक्षों के लिए स्वीकार्य बनाया जा सके।बैठक में स्केल-4 और उससे ऊपर के अधिकारियों के लिए लागू परफॉर्मेंस लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) योजना का मुद्दा भी उठा। यूएफबीयू और आईबीए इस योजना में संभावित बदलावों को लेकर आगे बातचीत करेंगे।

## बोइंग 737 मैक्स विमानों में ऑटोपायलट खराब, एयर इंडिया और अकासा के 97 विमानों पर असर

नईदिल्ली (आरएनएस)। अमेरिकी विमानन निर्माण कंपनी बोइंग ने अपने कुछ 737 मैक्स विमानों में ऑटोपायलट की खराबी की पहचान की है, जिसका असर भारत में दिखने की संभावना है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, भारत में एयर इंडिया एक्सप्रेस और अकासा एयर के पास करीब 97 बोइंग 737 मैक्स विमान है। ऐसे में आगे इनका संचालन रोका जा सकता है। एयर इंडिया एक्सप्रेस के पास 53 और अकासा एयर के पास बोइग 737 मैक्स के 43 विमान हैं।

बोइंग के प्रवक्ता ने कहा कि उसने पिछले महीने सभी 737 ऑपरेटरों को इस मामले में सूचित किया था और वह इस गड़बड़ी को स्थायी रूप से ठीक करने के लिए एक सॉफ्टवेयर अपडेट पर काम कर रहा है।

प्रवक्ता ने कहा, सॉफ्टवेयर के कारण लैंडिंग के दौरान पायलटों को स्वचालन में कमी का सामना करना पड़ सकता है। हमने ऐसे मामलों को सुरक्षित रूप से संभालने के लिए मौजूदा पायलट प्रक्रियाओं को और मजबूत कर रहे हैं।

अकासा एयर ने कहा कि वह बोइंग के साथ समन्वय कर रही है और इस समस्या का उसके परिचालन की सुरक्षा पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है।

## दलबदल मामले में सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी, बंगाल विधानसभा अध्यक्ष से 8 अक्टूबर तक फैसला करने की अपेक्षा

### तृणमूल कांग्रेस के 10 बागी विधायकों की अयोग्यता से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई; सोहनदेब चट्टोपाध्याय ने मांगा था शीघ्र निर्णय

नई दिल्ली,(आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को पश्चिम बंगाल विधानसभा अध्यक्ष से तृणमूल कांग्रेस के दो गुटों के बीच चल रहे विवाद से जुड़े 10 विधायकों की अयोग्यता याचिकाओं पर निर्धारित समय-सीमा के भीतर निर्णय लेने की अपेक्षा जताई। यह मामला ममता बनर्जी के नेतृत्व वाले तृणमूल कांग्रेस गुट के वरिष्ठ विधायक सोहनदेब चट्टोपाध्याय की याचिका से जुड़ा है। उन्होंने ऋब्रत बनर्जी के नेतृत्व वाले प्रतिद्वंद्वी गुट के 10 विधायकों को कथित दलबदल के आधार पर संविधान की दसवीं अनुसूची के तहत अयोग्य ठहराने की मांग की है।मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने मामले की सुनवाई की। पीठ ने कहा कि अयोग्यता याचिकाओं पर निर्णय के लिए पहले से निर्धारित तीन महीने की अवधि 8 अक्टूबर को पूरी हो रही है और उसे विश्वास है कि विधानसभा अध्यक्ष इस समय-सीमा से अवगत हैं तथा उसके भीतर उचित निर्णय लेने का प्रयास करेंगे।



सोहनदेब चट्टोपाध्याय की ओर से 10 विधायकों के खिलाफ अयोग्यता याचिकाएं जुलाई में विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष दाखिल की गई थीं। याचिका में आरोप लगाया गया कि इन विधायकों ने पार्टी के हितों के खिलाफ जाकर अलग गुट बनाया और इस आधार पर उन्हें संविधान की दसवीं अनुसूची के तहत अयोग्य घोषित किया जाना चाहिए।

मामले में जिन विधायकों के खिलाफ अयोग्यता की मांग की गई है, उनमें ऋब्रत बनर्जी, फिरहाद हकीम, अरूप राय, संदीपन साहा, शिउली साहा, सबीना यास्मीन, अखरुज्जमान अंसारी, बिप्लब मित्रा, जावेद खान और रथिन घोष के नाम शामिल हैं।सुप्रीम कोर्ट ने केशव मेघचंद्र सिंह बनाम मणिपुर विधानसभा अध्यक्ष मामले में दिए गए अपने फैसले का उल्लेख किया।

## राष्ट्रपति मुर्मु को बस्तर दशहरा में शामिल होने का निमंत्रण, बोलीं- 'जरूर प्रयास करेंगी'

नई दिल्ली,(आरएनएस)। विश्वप्रसिद्ध और लंबे समय तक चलने वाले बस्तर दशहरा की तैयारियां इन दिनों बस्तर में जोर-शोर से चल रही हैं। इसी क्रम में केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने सोमवार को नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से आत्मीय मुलाकात कर उन्हें बस्तर दशहरा समारोह में शामिल होने के लिए सादर आमंत्रित किया।

इस अवसर पर पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल, बस्तर सांसद महेश कश्यप तथा पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के सचिव एस. भारतीदासन भी उपस्थित रहे। प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति को बस्तर दशहरा की विशिष्ट परंपराओं, जनजातीय संस्कृति और आयोजन के सांस्कृतिक महत्व की जानकारी दी तथा उन्हें समारोह में शामिल होने का निमंत्रण दिया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने निमंत्रण पर सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वे जरूर प्रयास करेंगी।

## महाकौशल क्षेत्र के उद्योग, व्यापार को देंगे बढ़ावा : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल ,(आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि महाकौशल और जबलपुर क्षेत्र के लिए समग्र विकास के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। संस्कारधानी जबलपुर पर माँ नर्मदा का विशेष आशीर्वाद है, जो जल, थल और भू-गर्भ में प्राकृतिक संपदाओं से संपन्न है। हमारी सरकार ने महाकौशल क्षेत्र को तकनीकी विश्वविद्यालय और आधुनिक जू एंड रेस्क्यू सेंटर की सौगात दी है। राज्य सरकार जबलपुर सहित मंडला , डिंडौरी, बालाघाट, सिवनी,कटनी, पांढुर्णा, छिन्दवाड़ा और नरसिंहपुर में पर्यटन गतिविधियों को प्रोत्साहित कर रही है। लगभग 25 नई नीतियों के माध्यम से उद्यमियों को अनेक सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। इस क्षेत्र के उद्यमियों के सपनों को साकार करने के लिए पंख लगाने का कार्य सरकार करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मुख्यमंत्री निवास के संवाद सभाकक्ष में महाकौशल चेम्बर ऑफ कॉमर्स और जबलपुर व्यापारी संघ के प्रतिनिधियों से क्षेत्र के विकास को लेकर चर्चा कर रहे थे।






## उत्तर प्रदेश में 3 दिन भारी बारिश से कई जिलों में बाढ़ जैसे हालात, 56 लोगों की मौत, 46 लोग घायल

लखनऊ, (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ समेत राज्य के कई जिलों में शुक्रवार से शुरू हुई लगातार बारिश रविवार देर शाम तक जारी रही। मूसलाधार बारिश और तेज हवाओं के कारण कई इलाकों में बाढ़ जैसे हालात बन गए। बारिश और उससे जुड़ी घटनाओं में राज्य में 56 लोगों की मौत होने की खबर है, जबकि 46 लोग घायल हुए हैं। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, पिछले 60 घंटों में प्रदेश में सामान्य से 775 प्रतिशत अधिक बारिश दर्ज की गई। भारी बारिश के कारण कई जिलों में घरों और फसलों को व्यापक नुकसान पहुंचा है।

रिपोर्ट के मुताबिक, बारिश और तूफान से सीतापुर में सबसे अधिक सात लोगों की मौत हुई है। इसके बाद लखीमपुर खीरी, बहराइच और बलरामपुर में पांच-पांच मौतें दर्ज की गईं। राहत आयुक्त कार्यालय के अनुसार, अयोध्या और गोरखपुर में चार-चार लोगों की जान गई है।लगातार बारिश से प्रदेश में करीब 1,021 मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं। इनमें सबसे अधिक 272 मकान हरदोई में प्रभावित हुए। इसके अलावा सीतापुर में 108, चंदौली में 75, औरैया में 60, गोंडा में 54, हमीरपुर में 51, शाहजहांपुर में 47 और बहराइच में 44 मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं।

## अल्पबुद्धि मंदबुद्धि है राहुल गांधी नर्मदा मैया उसे सद्बुद्धि दे:सांसद दर्शन सिंह चौधरी

### मतदाताओं के बीच भ्रम फैलाने का कार्य कर रहे हैं राहुल गांधी और कांग्रेस-नीतू यादव

नर्मदापुरम (निप्र)। राहुल गांधी अल्पबुद्धि मंदबुद्धि है, नर्मदा मैया उसे सदबुद्धि दे यह बात सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से एसआईआर पर चर्चा करते हुए कहा कि चुनाव आयोग पर आरोप लगाना गलत है। इस मौके पर विधायक डॉ सीतासरन शर्मा, जिला भाजपा अध्यक्ष प्रीति शुक्ला, नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव सहित भाजपा के नेता शामिल रहे। इन नेताओं ने कांग्रेस और विपक्ष पर निशाना साधते हुए चुनाव आयोग की प्रक्रिया का समर्थन किया है।

### फॉर्म.6 को लेकर भी चुनाव आयोग ने स्थिति स्पष्ट की है-डॉ शर्मा

सांसद ने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त सहित तीनों चुनाव आयुक्तों की संयुक्त बैठक में एसआईआर से जुड़े फैसलों को सर्वसम्मति से लिया गया है। चुनाव आयोग ने भी बैठक के बाद एसआईआर से संबंधित सभी निर्णयों को सर्वसम्मति से लिए जाने की बात कही है। डॉ शर्मा कहा कि मतदाता सूची पुनरीक्षण से संबंधित फॉर्म.6 को लेकर भी चुनाव आयोग ने स्थिति स्पष्ट की है। आयोग के अनुसार एसआईआर के दौरान फॉर्म.6 के साथ अतिरिक्त घोषणा.पत्र की व्यवस्था जारी रहेगी और आयोग ने कहा है कि इस व्यवस्था को लेकर सुप्रीम कोर्ट के समक्ष भी स्थिति स्पष्ट की गई है। उन्होने कहा कि पूर्व में भी राहुल गांधी ने चुनाव आयोग के लिए अनर्गल आरोप लगाने के बाद माफी मांगी थी। नपाध्यक्ष नीतू यादव ने कहा कि चुनाव आयोग के तीनों आयुक्तों ने बैठक के बाद महत्वपूर्ण बिंदुओं को सार्वजनिक किया है ताकि मतदाताओं के बीच किसी प्रकार का भ्रम न रहे। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में संवैधानिक संस्थाओं की प्रक्रियाओं पर सवाल उठाने के लिए निर्धारित कानूनी और लोकतांत्रिक माध्यमों का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। श्रीमती यादव ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा चुनाव आयोग केंद्र सरकार को लेकर दिए गए बयानों का उल्लेख करते हुए कहा कि लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक संस्थाओं पर सार्वजनिक रूप से सवाल उठाने से पहले तथ्यों और संस्थागत प्रक्रियाओं को ध्यान में रखना चाहिए। डॉ शर्मा ने चुनाव आयोग की निष्पक्षता को लेकर समाचार पत्र की बात पर उठाए जा रहे सवालों का जिक्र करते हुए कहा कि चुनाव आयोग देश की संवैधानिक संस्था है। भाजपा नेताओं ने कहा कि मतदाता सूची से संबंधित प्रक्रिया में पारदर्शिता और मतदाताओं को पर्याप्त जानकारी उपलब्ध कराना आवश्यक है। भाजपा नेताओं ने पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवालों के जबाव दिए।



# प्रदेश को मिलेट स्टेट बनाने में अनूपपुर का महत्वपूर्ण योगदान है : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अनूपपुर के किसानों से किया वर्चुअल संवाद
## मुख्यमंत्री निवास से किया बलराम कृषि महोत्सव को संबोधित

भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश को मिलेट स्टेट बनाने में अनूपपुर का बड़ा योगदान है। अनूपपुर जिला जल संपदा से संपन्न है। जिले में केवई उद्वहन सिंचाई परियोजना के माध्यम से सिंचाई सुविधा को मजबूत किया जा रहा है। प्रदेश में तकनीक और नवाचार से कृषि उत्पादन और किसानों की आय बढ़ाने के साथ ही 100 लाख हेक्टेयर तक सिंचाई क्षमता का विस्तार करना हमारा लक्ष्य है। प्रदेश में किसानों को दिन में 10 घंटे बिजली उपलब्ध कराई जाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में जारी सेवा-संकल्प अभियान के अंतर्गत किसान हितैषी योजनाओं की जानकारियां अधिक से अधिक लोगों के साथ साझा की जायें। राज्य सरकार युवाओं, गरीबों, महिलाओं और किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में ज्वार, बाजरा जैसे श्रीअन्न के साथ धान उपार्जन के लिए पंजीयन शुरू हो गया है। उन्होंने किसानों से समय रहते पंजीयन कराने का आह्वान किया। 'कृषक कल्याण वर्ष-2026' के अंतर्गत आज मुख्यमंत्री निवास से अनूपपुर में आयोजित 'बलराम कृषि महोत्सव' में वर्चुअली जुड़कर किसानों से संवाद किया।

**राज्य सरकार हर कदम पर किसानों के साथ है**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसान चौपालें लगाकर किसान हितैषी योजनाओं का प्रसार-प्रचार किया जाए। किसान चौपालों के माध्यम से किसानों की समस्याओं का भी समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि अनूपपुर में धान, गेंहू, दलहन और तिलहन के उत्पादन के साथ हमारे किसान नई तकनीक और नई फसलों को अपना रहे हैं। किसानों द्वारा



मशरूम और स्ट्रॉबेरी की खेती की जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किसानों को पशुपालन, दुग्ध उत्पादन जैसी गतिविधियां अपनाते हुए नवीन तकनीक और नवाचार को अपनाने के लिए प्रेरित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कृषि का भविष्य उज्ज्वल है, किसान अपने बच्चों को कृषि उद्योगों से जोड़े। राज्य सरकार हर कदम पर किसानों के साथ है।

### ग्रामीणों को मिलेंगे सुगम परिवहन सेवा और निःशुल्क रजिस्ट्री के लाभ

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में आरंभ हुई मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा योजना का लाभ दूरदराज के गांव वालों को मिलेगा। ग्रामीणों के लिए निःशुल्क रजिस्ट्री की व्यवस्था भी राज्य सरकार द्वारा आरंभ की गई है। राज्य सरकार बच्चों की बेहतर पढ़ाई और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित करने की दिशा में हरसंभव प्रयास कर रही हैं।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया प्रगतिशील किसानों से संवाद

बलराम कृषि महोत्सव कार्यक्रम मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अनूपपुर जिले के प्रगतिशील किसानों से वर्चुअल संवाद किया। किसानों ने कृषि क्षेत्र में अपनाई जा रही आधुनिक तकनीकों, कृषि यंत्रीकरण, जैविक एवं प्राकृतिक खेती तथा पशुपालन से संबंधित गतिविधियों की जानकारी साझा की। पुष्पराजगढ़ के रमेश सिंह एवं अरुण कुमार चन्द्रवंशी ने आधुनिक कृषि यंत्रों एवं सिंचाई सुविधाओं से प्राप्त लाभ बताए। प्रेमलाल केवट ने जैविक एवं प्राकृतिक खेती, जबकि रामभजन ने फसल प्रदर्शन एवं किसान खेत पाठशाला की जानकारी दी। पशुपालक माधव सिंह राठौर ने उन्नत पशुपालन एवं कृत्रिम गर्भाधान तकनीक से बढ़े दुग्ध उत्पादन की जानकारी दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किसानों को प्रोत्साहित किया।

### उन्नतशील किसान एवं मेधावी विद्यार्थी हुए सम्मानित

बलराम कृषि महोत्सव कार्यक्रम के दौरान कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले उन्नतशील किसानों एवं शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों का सम्मानित किया गया। उन्नतशील किसानों में रामप्रमोद साहू, ओम प्रकाश जोगी, फत्तेलाल जयसवाल, जीवनलाल एवं जगदीश सिंह को कृषि क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए सम्मानित किया गया।

इसी क्रम में शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर के मेधावी विद्यार्थियों दुर्गेश्वरी कोल, दुर्गा सिंह, धनश्वरी देवी, शुभा द्विवेदी एवं आकाश सिंह मरावी को उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। बलराम कृषि महोत्सव के दौरान कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य पालन सहित अन्य संबंधित विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं, कार्यक्रमों एवं गतिविधियों पर आधारित प्रदर्शनी भी लगाई गई। प्रदर्शनी में किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, उन्नत कृषि यंत्रों, उद्यानिकी फसलों, उन्नत पशुपालन, दुग्ध उत्पादन, मत्स्य पालन तथा शासन की विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं की जानकारी दी गई। विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा किसानों को कृषि एवं संबद्ध गतिविधियों को अपनाकर आय में वृद्धि के लिए आवश्यक मार्गदर्शन भी प्रदान किया।

# न्यूनतम वेतन के लिए बीजेपी दफ्तर पहुंचे कर्मचारी
## 3 से 5 हजार रुपए पाने वाले अस्थायी श्रमिकों का धरना; उमा भारती की 2003 की घोषणा याद दिला रहे



भोपाल,(ए.)। भोपाल में न्यूनतम वेतन की मांग को लेकर 3 से 8 हजार रुपए वेतन पाने वाले अस्थायी, अंशकालीन, चौकीदार और ठेका श्रमिक सोमवार सुबह बीजेपी प्रदेश कार्यालय पहुंचे। कर्मचारियों ने बीजेपी दफ्तर के बाहर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा के सामने धरना दिया और नारेबाजी की। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी को खदेड़ा तो बोर्ड आफिस की ओर रैली निकालकर नारेबाजी करते पहुंचे। 'न्यूनतम वेतन दिलाओ उपवास आंदोलन' के तहत वे प्रदेश भाजपा अध्यक्ष को वर्ष 2003 में पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती की ओर से की गई घोषणा की याद दिला रहे हैं।

घोषित न्यूनतम मजदूरी से कम भुगतान का दावा

अस्थायी, आउटसोर्स कर्मचारी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष वासुदेव शर्मा ने बताया कि राज्य सरकार की ओर से घोषित न्यूनतम मजदूरी 12,425 से 16,769 रुपए प्रति माह है। उनका दावा है कि सरकार अपने विभागों में कर्मचारियों से 3 से 5 हजार रुपए में काम करा रही है। शर्मा के अनुसार, औद्योगिक क्षेत्रों में भी ठेका श्रमिकों को पूरी न्यूनतम मजदूरी नहीं मिल रही है। इससे अस्थायी और ठेका श्रमिक कर्मचारियों में असंतोष है। आंदोलन की पूर्व सूचना प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल को पत्र के जरिए दी गई थी।

# मैंने तेरे ही भरोसे हनुमान' फेम सुनील लोधी आएंगे भोपाल, 2 अक्टूबर को रवीन्द्र भवन में भजन संध्या, सुनील लोधी एवं दल की होगी प्रस्तुति

भोपाल,(ए.)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर को रवीन्द्र भवन में 'एकै राम रहीम' भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। स्वराज संस्थान संचालनालय, संस्कृति विभाग, मध्यप्रदेश शासन की ओर से आयोजित कार्यक्रम शाम 6.30 बजे से शुरू होगा। इसमें युवा भजन गायक सुनील लोधी एवं दल भजनों की प्रस्तुति देंगे।सुनील लोधी 'हनुमान अंश' फिल्म के गीत 'मैंने तेरे ही भरोसे हनुमान, सागर में नैय्या डार दई' से खासे लोकप्रिय हुए हैं। कम समय में ही उन्होंने अपनी अलग पहचान बनाई है। बचपन से गायन में रुचि रखने वाले सुनील गांवों में होने वाले धार्मिक आयोजनों में भजन प्रस्तुत करते रहे हैं। ट्रेन में भजन गाकर भी उन्होंने लोगों की सराहना हासिल की।

दृष्टिबाधित होने के बावजूद सुनील ने अपनी विशिष्ट आवाज और लोक गायन शैली के दम पर सोशल मीडिया पर पहचान बनाई। 'हनुमान अंश' फिल्म का भजन उनकी



लोकप्रियता को प्रदेश के बाहर तक ले गया। अब गांधी-शास्त्री जयंती पर भोपाल के रवीन्द्र भवन में उनकी भजन प्रस्तुति होगी।मध्यप्रदेश के सागर जिले के अगरा गांव निवासी सुनील लोधी जन्म से ही दृष्टिबाधित हैं। उन्होंने करीब नौ साल की उम्र में गांव के बुजुर्गों के साथ बैठकर तंबूरा बजाना सीखा। इसके बाद बुंदेली लोकगीत और भजन गाने का सिलसिला शुरू हो गया। सुनील ने बताया कि बचपन से ही उन्हें भगवान हनुमान में गहरी आस्था रही है और वह लगातार भजन गाते रहे हैं। सुनील के संगीत सफर में बड़ा बदलाव 'मोरे संकट के कटैया हनुमान' भजन से आया। उनके मामा रोहित साहू ने वर्ष 2019 से सुनील के गाए लोकगीतों और भजनों को रिकॉर्ड कर सोशल मीडिया पर डालना शुरू किया।

धीरे-धीरे उनकी आवाज लोगों तक पहुंचने लगी। 'मोरे संकट के कटैया हनुमान' भजन को सोशल मीडिया पर करोड़ों लोगों ने देखा और सुनील की पहचान बढ़ती चली गई।

फिल्म हनुमान अंश के गीत ने सुनील को नई पहचान दी है। उन्होंने बताया कि इस गीत के बाद उन्हें दूसरी फिल्मों में गाने के प्रस्ताव भी मिल रहे हैं। आने वाले समय में उनकी आवाज कई और फिल्मों के गीतों में सुनाई दे सकती है। सुनील का कहना है कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि गांव में गाए जाने वाले उनके भजन एक दिन इतने बड़े स्तर तक पहुंचेंगे। वह इसे भगवान हनुमान का आशीर्वाद मानते हैं।

# एमपी नगर डीबी मॉल के सामने करंट वाले खंभे ने ली भाजपा युवा मोर्चा नेता की जान, पत्नी भी आई चपेट में

भोपाल,(ए.)। राजधानी के एमपी नगर में रविवार रात एक दर्दनाक हादसे में भाजपा युवा मोर्चा के जिला महामंत्री दिव्यऋषि तिवारी की मौत हो गई। वह परिवार के साथ डीबी मॉल में खरीदारी करने आए थे। लौटते समय सड़क पार करते हुए उन्होंने स्ट्रीट लाइट के खंभे को पकड़ लिया। बताया जा रहा है कि खंभे में करंट दौड़ रहा था। बिजली का झटका लगते ही वह मौके पर गिर पड़े। उनकी पत्नी भी करंट की चपेट में आईं, लेकिन उन्होंने किसी तरह खुद को अलग कर लिया। प्रत्यक्ष जानकारी के अनुसार परिवार ने अपना वाहन सड़क के दूसरी ओर खड़ा किया था। खरीदारी के बाद सभी लोग



सड़क पार कर रहे थे। इसी दौरान दिव्यऋषि ने खंभे को सहारे के लिए पकड़ा और करंट की चपेट में आ गए। शुरुआती जानकारी में खंभे से एक तार निकला हुआ मिला है। पुलिस ने बाद में इस तार को अलग करवाया। हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। ट्रैफिक पुलिसकर्मी तुरंत मौके पर पहुंचे। ट्रैफिक हेड कांस्टेबल जगदीश दांगी के मुताबिक पुलिसकर्मियों ने दिव्यऋषि को मौके पर CPR देने की कोशिश की। इसके बाद उन्हें नर्मदा अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए AIIMS ले जाने की सलाह दी। पुलिसकर्मी उन्हें लेकर एआईआईएमएस पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# विश्व रेबीज दिवस पर रेबीज की रोकथाम और बचाव के प्रति आमजन को किया जागरूक

भोपाल,(ए.)। विश्व रेबीज दिवस के अवसर पर सोमवार को संचालनालय पशुपालन एवं डेयरी विभाग और Jhpiego कंपनी के संयुक्त तत्वावधान में साइकिल रैली का आयोजन किया गया। रैली के माध्यम से रेबीज बीमारी की रोकथाम, बचाव के उपायों, समय पर उपचार और पशुओं के टीकाकरण के प्रति आमजन को जागरूक किया गया।साइकिल रैली संचालनालय पशुपालन एवं डेयरी परिसर से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए एमपीटी बोट क्लब पहुंची, जहां इसका समापन हुआ। रैली में प्रतिभागियों ने रेबीज से बचाव और जागरूकता से संबंधित संदेशों के माध्यम से आमजन को बीमारी के प्रति सतर्क रहने तथा आवश्यक सावधानियां अपनाने के लिए प्रेरित किया। रेबीज से बचाव के लिए पशुओं का समय पर टीकाकरण कराने और संदिग्ध पशु के काटने की स्थिति में बिना विलंब चिकित्सकीय सलाह लेकर आवश्यक उपचार कराने के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही जागरूकता और समय पर उठाए गए कदम रेबीज की रोकथाम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, इसका संदेश भी दिया गया

# उत्तर पूर्वी पुलिस अकादमी के प्रशिक्षु पुलिस अधिकारियों ने की पुलिस महानिदेशक से भेंट

## पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा ने पुलिसिंग में संवेदनशील व्यवहार, तकनीक के उपयोग और जनसेवा को बताया प्रभावी पुलिसिंग की आधारशिला




भोपाल,(ए.)। पुलिस मुख्यालय के कांफ्रेंस हॉल में उत्तर पूर्वी पुलिस अकादमी के प्रशिक्षु पुलिस अधिकारियों ने मध्यप्रदेश के पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा से भेंट कर पुलिसिंग के विभिन्न पहलुओं पर मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस अवसर पर डीजीपी श्री मकवाणा ने मध्यप्रदेश पुलिस की कार्यप्रणाली, पुलिसिंग में तकनीक के बढ़ते उपयोग, सामुदायिक पुलिसिंग, साइबर अपराध नियंत्रण, नक्सल समस्या के समाधान तथा कानून-व्यवस्था एवं प्रबंधन से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षुओं से संवाद किया।डीजीपी श्री मकवाणा ने मध्यप्रदेश पुलिस के पूर्व पुलिस महानिदेशक के.एफ. रुस्तमजी के योगदान को स्मरण करते हुए उनके कार्यकाल के महत्वपूर्ण प्रसंगों पर चर्चा की।

उन्होंने चंबल क्षेत्र में डकैती की समस्या तथा उसे समाप्त करने के लिए किए गए पुलिस प्रयासों की जानकारी भी प्रशिक्षुओं से साझा की।

डीजीपी श्री मकवाणा ने बताया कि मध्यप्रदेश ने नक्सल समस्या के उन्मूलन की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किया है। उन्होंने प्रदेश को नक्सलमुक्त बनाने के लिए अपनाई गई पुलिसिंग और रणनीति के बारे में प्रशिक्षुओं को जानकारी दी।

# भोपाल में एसआईआर के विरोध में कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन, बैरिकेड्स पर चढ़े कार्यकर्ता, पुलिस ने छोड़ा वाटर कैनन





## प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं की पुलिस से हुई धक्का-मुक्की

भोपाल, (ए.)। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के विरोध में सोमवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जमकर प्रदर्शन किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के नेतृत्व में कार्यकर्ता मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) कार्यालय का घेराव करने निकले, जहां पुलिस ने बैरिकेडिंग कर उन्हें रोकने की कोशिश की और स्थिति बिगड़ने पर वाटर कैनन का इस्तेमाल किया।दरअसल, कांग्रेस के इस प्रदर्शन की वजह एक निजी मीडिया संस्थान की वह रिपोर्ट है, जिसमें दावा किया गया था कि चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी ने पिछले 10 महीनों में चुनावी सूची और एसआईआर से जुड़े फैसलों को लेकर कम से कम 14 बार आपत्ति दर्ज कराई। रिपोर्ट में फॉर्म-6 में बदलाव, मतदाता सूची के डेटाबेस और चुनाव आयोग की आईटी व्यवस्था समेत कई मुद्दों पर आपत्तियों का उल्लेख किया गया था।हालांकि चुनाव आयोग ने इस रिपोर्ट के बाद स्पष्ट किया था कि एसआईआर समेत आयोग के फैसले तीनों चुनाव आयुक्तों की मंजूरी से लिए गए और अंतिम निर्णय सर्वसम्मति से हुए। आयोग ने यह भी कहा कि कार्यप्रणाली के दौरान अलग-अलग मुद्दों पर राय सामने आना अलग बात है, लेकिन फैसले सामूहिक रूप से लिए गए।इधर, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के नेतृत्व में कार्यकर्ता सोमवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय का घेराव करने निकले। प्रदर्शन के दौरान कुछ कार्यकर्ता बैरिकेड्स पर चढ़ गए और पुलिस के साथ धक्का-मुक्की हुई। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने 'वोट चोर, गद्दी छोड़' के नारे लगाए। प्रदर्शन में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का प्रतीकात्मक रूप से वेश धारण किए एक कार्यकर्ता को जंजीरों में बांधकर भी विरोध जताया गया।प्रदर्शन के दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का मुखौटा पहने और जंजीरों में जकड़े एक कार्यकर्ता को जीतू पटवारी और उमंग सिंघार जंजीरों से पकड़कर ले जाते नजर आए। कांग्रेस नेता मुजाहिद सिद्दीकी ने ज्ञानेश कुमार के वेश में प्रदर्शन कर रहे व्यक्ति को पकड़कर ले जाते हुए कहा, ज्ञानेश कुमार ने प्रधानमंत्री मोदी के साथ मिलकर वोट चोरी की है। इनको हम पकड़कर थाने ले जा रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने इसी दौरान 'वोट चोर, गद्दी छोड़' के नारे लगाए और चुनाव आयोग के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया।सीईओ कार्यालय की ओर बढ़ रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को रोकने के लिए पुलिस ने बैरिकेडिंग की थी। कार्यकर्ताओं ने बैरिकेड्स पार करने की कोशिश की। कुछ लोग बैरिकेड्स पर चढ़ गए, जिसके बाद पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच धक्का-मुक्की हुई। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने वाटर कैनन से पानी की बौछार की। युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष अभिषेक परमार ने बस की खिड़की के शीशे के ऊपर से छत पर चढ़ने की कोशिश भी की। तराना विधायक महेश परमार ने आरोप लगाया कि वोट चोरी के कारण वे उज्जैन महापौर का चुनाव जीते थे। वहीं पूर्व केंद्रीय मंत्री कांतिलाल भूरिया ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की और उन्हें फांसी देने की बात कही। उन्होंने कहा कि अगर ईवीएम से चुनाव हुए तो वे चुनाव का बहिष्कार करेंगे। कांग्रेस नेताओं ने एसआईआर को लेकर चुनाव आयोग की भूमिका पर सवाल उठाते हुए आंदोलन जारी रखने की बात कही है।

# भोपाल थाने में वकील से मारपीट का मामला हाईकोर्ट पहुंचा, गिरफ्तारी पर रोक

भोपाल (निप्र)। मध्य प्रदेश के भोपाल के जहांगीराबाद थाने में अधिवक्ता राकेश रावल से कथित मारपीट का मामला जबलपुर हाईकोर्ट पहुंच गया है। सोमवार को जस्टिस हिमांशु जोशी की बेंच ने राकेश रावल के खिलाफ दर्ज एफआईआर में आगे की कार्रवाई पर अंतरिम रोक लगा दी।कोर्ट ने पुलिस को निर्देश दिया कि मामले में अधिवक्ता को गिरफ्तार न किया जाए। साथ ही घटनाक्रम की सच्चाई सामने लाने के लिए संबंधित अवधि की करीब 7 घंटे की CCTV फुटेज सुरक्षित रखने का आदेश दिया है।मामला 22 सितंबर की शाम करीब 8 बजे खटलापुरा मंदिर क्षेत्र में पुलिस बैरिकेडिंग को लेकर हुए विवाद से जुड़ा है। अधिवक्ता राकेश रावल का आरोप है कि पुलिसकर्मी उन्हें थाने ले गए और वहां उनके साथ मारपीट की। वहीं पुलिस का आरोप है कि रावल ने शासकीय कार्य में बाधा डाली और पुलिस अधिकारियों के साथ अभद्रता की। घटना के बाद राकेश रावल की शिकायत पर थाना प्रभारी राजन सिंह अहिरवार समेत तीन पुलिसकर्मियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। वहीं आरक्षक हरि ओम वर्मा की शिकायत पर राकेश रावल के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा, अभद्रता और मारपीट सहित धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई।

विवाद के बाद डीसीपी जोन-1 ने थाना प्रभारी राजन सिंह अहिरवार समेत तीन पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया था।

घटना की जानकारी सामने आने के बाद अधिवक्ताओं में आक्रोश फैल गया था। बड़ी संख्या में वकीलों ने जहांगीराबाद थाने का घेराव कर प्रदर्शन किया। बढ़ते विरोध के बीच पुलिस अधिकारियों ने थाना प्रभारी समेत तीन पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया था। इसके बाद दोनों पक्षों की ओर से क्रॉस एफआईआर दर्ज हुई।



राकेश रावल के मुताबिक, मंगलवार शाम करीब 8 बजे वे खटलापुरा मंदिर की ओर से आ रहे थे। कंट्रोल रूम तिराहे पर रास्ता बंद होने के कारण पुलिसकर्मियों ने उनका वाहन रोक लिया और थाने चलने के लिए कहा। रावल ने वाहन में पेट्रोल नहीं होने की बात कहते हुए वैकल्पिक रास्ता पूछा।

उनका आरोप है कि इसी बात को लेकर पुलिसकर्मियों से विवाद हुआ और विरोध करने पर उन्हें कीचड़ में पटककर डंडों से पीटा गया।दूसरी ओर, तत्कालीन थाना प्रभारी राजन सिंह अहिरवार ने आरोप लगाया था कि विवाद के दौरान अधिवक्ता ने ट्रैफिक एसीपी अजय बाजपेई के साथ बदसलूकी और अपशब्द कहे।पुलिस का कहना था कि समझाइश के बावजूद रावल का व्यवहार जारी रहा।पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, पूरे घटनाक्रम का वीडियो भी उपलब्ध है। एडिशनल सीपी शैलेंद्र सिंह चौहान ने मामले की जांच कर दोनों पक्षों के आरोपों और थाने में हुई कार्रवाई की पड़ताल की बात कही थी।

हाईकोर्ट ने फिलहाल राकेश रावल की गिरफ्तारी पर रोक लगाते हुए उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर में आगे की कार्रवाई पर अंतरिम रोक लगाई है। साथ ही CCTV फुटेज सुरक्षित रखने के निर्देश दिए हैं।

## "कहानी बदलाव की" सावरवानी को भा रहा फिल्मी दुनिया का आकर्षण, गांव में गूंज रही 'लाइट, कैमरा, एक्शन' की आवाज



छिन्दवाडा (आरएनएस)। खूबसूरती जब विकास से जुड़ जाती है,तो गांव की पहचान दूर तक पहुंच जाती है। सतपुड़ा की गोद में बसा पर्यटन ग्राम सावरवानी आज इसी बदलाव की एक खूबसूरत कहानी बयां कर रहा है। मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा विकसित किया गया यह पर्यटन ग्राम अपनी प्राकृतिक सुंदरता, ग्रामीण परिवेश और स्थानीय संस्कृति के कारण देश-विदेश के पर्यटकों को आकर्षित करने के साथ अब फिल्म निर्माताओं की पसंद भी बनता जा रहा है। सावरवानी में बंगाल से आई टीम द्वारा बंगाली भाषा में बन रही फिल्म 'रायसेन रहस्य' की शूटिंग की जा रही है।


करीब एक सप्ताह तक चलने वाली शूटिंग के दौरान फिल्म का अंतिम शेड्यूल पूरा किया जा रहा है। वहीं दिसंबर माह में यहां दो अन्य फिल्मों की शूटिंग भी प्रस्तावित है। पर्यटन विकास के प्रयासों से बढ़े नए अवसर- सावरवानी की इस बदलती पहचान के पीछे शासन की ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने की सोच और पर्यटन विभाग के निरंतर प्रयास भी महत्वपूर्ण हैं। मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा गांव की प्राकृतिक सुंदरता, स्थानीय संस्कृति और ग्रामीण जीवनशैली को पर्यटन से जोड़ते हुए होमस्टे आधारित पर्यटन को प्रोत्साहित किया गया है।

# हादसे के बाद राजवाड़ा चौक से सिटी बसें हुई गायब, तोड़फोड़ करने वालों पर एफआईआर

इंदौर (आरएनएस)। इंदौर के राजवाड़ा चौक पर रविवार को हुए हादसे के बाद सिटी बस का स्टैंड सोमवार को खाली रहा। मंगलवार को यहां सिटी बसें नहीं आईं। उधर, देर रात हादसे के शिकार एक व्यक्ति की मौत हो गई। उसके सिर और सीने में गंभीर चोट लगी थी। पुलिस ने बस में तोड़फोड़ करने वालों के खिलाफ भी केस दर्ज किया है।

राजवाड़ा चौक के स्टैंड पर ट्रैफिक विभाग ने पीएम और सीएम बस सेवा की बसों को पार्क करने की अनुमति दी थी। रविवार को जब हादसा हुआ, तब भी वहां चार बसें खड़ी थीं, लेकिन सोमवार सुबह से राजवाड़ा पर बसें नजर नहीं आईं। अफसरों ने राजवाड़ा चौक को नो बस जोन करने की तैयारी की है। राजवाड़ा पैलेस के सामने रिक्शे भी प्रतिबंधित किए गए थे, लेकिन नियम का पालन नहीं हो पा रहा है। अभी भी कई रिक्शे पैलेस के सामने खड़े रहते हैं।

**तीन लोगों पर एफआईआर**



हादसे के बाद बस में तोड़फोड़ करने वाले तीन लोगों पर एमजी रोड पुलिस ने सुपरवाइजर तशील की शिकायत पर केस दर्ज किया है। अभिषेक ठाकुर, विजय यादव और पंकज पर भीड़ को उकसाने और बसों में तोड़फोड़ करने का आरोप है।

ग्रेनो बस हादसे की कहानी पीड़ितों की जुबानी: 'हर तरफ था धुआं और चीख-पुकार, एक दूसरे के ऊपर से निकल रहे थे लोग'

पुलिस ने हादसे को अंजाम देने वाले ड्राइवर से पूछताछ की। उसने बताया कि बस के ब्रेक फेल नहीं हुए थे, बल्कि ब्रेक के बजाय एक्सीलेटर दब गया था। दरअसल हैंडब्रेक नहीं लगाने से बस ढलान पर चलने लगी थी। हड़बड़ी में ड्राइवर ने ब्रेक के बजाय एक्सीलेटर पर पैर रख दिया और हादसा हो गया। उधर, हादसे के शिकार जितेंद्र शर्मा की देर रात इलाज के दौरान मौत हो गई।

## उप निर्वाचन हेतु मतदान दलों को सामग्री वितरित कर मतदान केंद्रों के लिए किया रवाना

झाबुआ (आरएनएस)। पंचायत उप-निर्वाचन (पूर्वार्द्ध) 2026 के अंतर्गत जिला पंचायत वार्ड क्रमांक 06, जनपद पंचायत राणापुर एवं ग्राम पंचायत पलासडोर, जनपद पंचायत थांदला के सरपंच पद के लिए 29 सितम्बर को होने वाले मतदान को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। मतदान प्रक्रिया के सुचारू संचालन के लिए मतदान दलों को निर्वाचन सामग्री का वितरण सांदीपनि विद्यालय राणापुर से किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. योगेश तुकाराम भरसट एवं पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पाटीदार की उपस्थिति में कुल 102 मतदान दलों तथा 11 रिजर्व मतदान दलों को आवश्यक निर्वाचन सामग्री का सुव्यवस्थित रूप से वितरण किया गया। सामग्री प्राप्त करने के उपरांत मतदान दल निर्धारित मतदान केंद्रों के लिए रवाना हुए। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. भरसट ने मतदान दलों को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन करते हुए स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतदान प्रक्रिया से जुड़े सभी अधिकारी-कर्मचारी अपने दायित्वों का गंभीरता एवं सतर्कता के साथ निर्वहन करें तथा मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के लिए आवश्यक मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित रहें।

## "देवास जॉब पोर्टल" को मिला प्रतिष्ठित स्कॉच गोल्ड अवार्ड

**कलेक्टर श्री सिंह के नेतृत्व में देवास के नवाचार की देश में सराहना**



देवास (आरएनएस)। रोजगार के क्षेत्र में शुरू किए गए अभिनव नवाचार "देवास जॉब पोर्टल" ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित की है। नई दिल्ली में आयोजित समारोह में इस डिजिटल पहल को प्रतिष्ठित 'स्कॉच अवार्ड - गोल्ड कैटेगरी' से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार कलेक्टर ऋतु राज सिंह के कुशल मार्गदर्शन और नेतृत्व में युवाओं को रोजगार के सुगम अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में मिली बड़ी उपलब्धि है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा 14 अक्टूबर 2025 को देवास जिले के बागली विकासखंड में "देवास जॉब पोर्टल" का विधिवत शुभारंभ किया गया था। इस पोर्टल का मुख्य उद्देश्य स्थानीय युवाओं और उद्योगों को एक पारदर्शी, सुलभ और प्रभावी डिजिटल मंच पर जोड़ते हुए रोजगार के अवसरों को सीधे जरूरतमंदों तक पहुंचाना है। देवास जॉब पोर्टल युवाओं और स्थानीय औद्योगिक इकाइयों के बीच सेतु का कार्य कर रहा है। सितंबर 2026 तक पोर्टल पर 12,600 से अधिक युवाओं ने पंजीयन कराया है। पोर्टल पर 258 उद्योगों और संस्थानों ने भागीदारी करते हुए 4600 रोजगार के अवसर सृजित किए, इनमें से 1,000 से अधिक स्थानीय अभ्यर्थियों को प्रत्यक्ष रोजगार प्राप्त हुआ। थानीय प्रशासन, उद्योग और युवाओं के बीच सशक्त डिजिटल संपर्क स्थापित करने वाला यह मॉडल रोजगार की खोज और उपलब्धता के बीच के अंतर को समाप्त करने में एक प्रभावी और अनुकरणीय मॉडल साबित हुआ है।

## आँगनवाड़ी केंद्रों को पोषण, शिक्षा और सम्मान के केंद्र के रूप में विकसित करने पर जोर

**आँगनवाड़ी केंद्रों को पोषण, शिक्षा और सम्मान के केंद्र के रूप में विकसित करने पर जोर**

झाबुआ (आरएनएस)। सेवा-संकल्प अभियान के तहत झाबुआ जिले में आयोजित 'आँगन मिलन सेवा' कार्यक्रम ने आँगनवाड़ी केंद्रों को केवल शासकीय सेवाओं के वितरण स्थल से आगे बढ़ाकर पोषण, प्रारंभिक शिक्षा, स्वास्थ्य जागरूकता, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक सहभागिता के केंद्र के रूप में विकसित करने का संदेश दिया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने आँगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं और विभिन्न योजनाओं की हितग्राही महिलाओं से संवाद किया। कार्यक्रम में कलेक्टर डॉ. योगेश तुकाराम भरसट सहित जनप्रतिनिधि और विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

26 सितंबर से 5 अक्टूबर तक जिले के सभी आँगनवाड़ी केंद्रों पर चल रहे इस अभियान में महिलाओं और बच्चों को केंद्र में रखकर स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण, पोषण जागरूकता,





मातृ संवाद, महिला हितग्राहियों की सफलता की कहानियां तथा विभिन्न रचनात्मक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। जिले ने 5 अक्टूबर तक एक लाख बच्चों को विभिन्न गतिविधियों और सेवाओं से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

'सेवा' को सरकारी दायित्व से आगे सामाजिक जिम्मेदारी बनाने का आह्वान

मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि सेवा-संकल्प अभियान का उद्देश्य शासन की योजनाओं को समाज की व्यापक भागीदारी से जोड़ना है। गांव, फलिये और मोहल्ले के विकास में प्रत्येक नागरिक की भूमिका है। उन्होंने कहा कि आँगनवाड़ी भवन और उप स्वास्थ्य केंद्र जैसी संस्थाएं केवल सरकारी परिसंपत्तियां नहीं, बल्कि पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी हैं। उन्होंने आँगनवाड़ी केंद्रों को बच्चों के पोषण, प्रारंभिक शिक्षा और संस्कारों की महत्वपूर्ण आधारशिला बताते हुए कहा कि कार्यकर्ता और सहायिकाएं बच्चों को खेल-खेल में सीखने का अवसर देने के साथ कुपोषण से लड़ाई और विभागीय योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। मंत्री ने उत्कृष्ट कार्य करने वाली आँगनवाड़ी एवं आशा कार्यकर्ताओं की सराहना की तथा महिला हितैषी योजनाओं से महिलाओं के जीवन में आए बदलावों का उल्लेख किया।

# व्यापार समाचार

## कमजोर वैश्विक संकेतों से भारतीय शेयर बाजार गिरावट के साथ खुला, बैंकिंग और रियल्टी पर दबाव

मुंबई (आरएनएस)। कमजोर वैश्विक संकेतों से भारतीय शेयर बाजार सोमवार के कारोबारी सत्र में गिरावट के साथ खुला। सुबह 9:17 पर सेंसेक्स 526.96 अंक या 0.71 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 73,368.78 और निफ्टी 174.20 अंक या 0.75 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,966.30 पर था। शुरुआती कारोबार में बाजार पर दबाव फाइनेंशियल और रियल्टी स्टॉक्स पर देखा जा रहा था। सूचकांकों में निफ्टी प्राइवेट बैंक और निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज करीब एक प्रतिशत की कमजोरी के साथ टॉप लूजर्स थे।

निफ्टी इंडिया डिफेंस, निफ्टी मेटल, निफ्टी पीएसयू बैंक, निफ्टी रियल्टी, निफ्टी एफएमसीजी, निफ्टी इन्फ्रा, निफ्टी कमोडिटीज और निफ्टी ऑयल एंड गैस के करीब सभी सूचकांक लाल निशान में थे। ड्रलार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में भी कमजोरी देखी जा रही है। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 624 अंक या 1.03 प्रतिशत की गिरावट के साथ 60,267 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 214 अंक या 1.09 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 19,500 पर था।

सेंसेक्स पैक में एचडीएफसी बैंक, बजाज फाइनेंस, कोटक



महिंद्रा बैंक, बीईएल, एचयूएल, एलएंडटी, बजाज फिनसर्व, एमएंडएम, एशियन पेंट्स, पावर ग्रिड, टाइटन, आईसीआईसीआई बैंक, एसबीआई, इंडिगो, भारती एयरटेल, इटरनल, ट्रेंट और मारुति सुजुकी टॉप लूजर्स थे। केवल टीसीएस ही हरे निशान में था।

वैश्विक बाजारों में गिरावट के साथ कारोबार हो रहा था। टोक्यो, शंघाई, बैंकॉक, सोल और जकार्ता लाल निशान में थे। केवल हांगकांग ही लाल निशान में था। अमेरिकी शेयर बाजार शुक्रवार के सत्र में तेजी के साथ बंद हुआ था, जिसमें डाओ जोन्स 0.93 प्रतिशत की तेजी के साथ और नैस्डैक 0.48 प्रतिशत की मजबूती के साथ हरे निशान में बंद हुआ।जानकारों ने कहा कि इकॉनमी और मार्केट में दो ऐसी बातें दिख रही हैं जो एक-दूसरे के उलट हैं, और इन पर ध्यान देना जरूरी है। इकॉनमी मजबूत बनी हुई है और कंपनियों की कमाई भी बढ़ रही है, लेकिन मार्केट लगातार नीचे जा रहा है। यह घरेलू सपोर्ट के मुकाबले बाहरी कारकों के हावी होने का असर है। ब्रेंट क्रूड का 106 डॉलर प्रति बैरल के करीब होना और अमेरिका के 10-साल के बॉन्ड यील्ड का 5.2 प्रतिशत पर होना ऐसी बड़ी मुश्किलें हैं जो मार्केट पर दबाव डाल रही हैं। जुलाई और अगस्त में खरीदार बनने के बाद, एफपीआई सितंबर में फिर से बिकवाल बन गए हैं। इस स्थिति की वजह से आने वाले समय में मार्केट पर दबाव बना रहेगा।

## सोने और चांदी खरीदारों के लिए खुशखबरी, कीमतें 2.5 प्रतिशत तक गिरीं



मुंबई (ए.)। सोने और चांदी में सोमवार के सत्र में गिरावट देखने को मिली और शुरुआती कारोबार में ही दोनों कीमती धातुओं का दाम करीब 2.5 प्रतिशत तक कम हो गया। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स)पर सोने का 5 अक्टूबर, 2026 का कॉन्ट्रैक्ट पिछली क्लोजिंग 1,50,881 रुपए प्रति 10 ग्राम के मुकाबले 1,50,100 रुपए प्रति 10 ग्राम पर खुला। फिलहाल 9:50 पर यह 2,721 रुपए या 1.80 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 1,48,160 रुपए प्रति 10 ग्राम पर था। अब तक के कारोबारी सत्र में सोने ने 1,47,667 रुपए प्रति 10 ग्राम का न्यूनतम स्तर और 1,50,100 रुपए प्रति 10 ग्राम का उच्चतम स्तर छुआ। सोने के साथ चांदी की कीमतों में भी गिरावट देखने को मिली है।चांदी का 4 दिसंबर, 2026 का कॉन्ट्रैक्ट 2,34,696 रुपए प्रति किलो के मुकाबले 2,32,300 रुपए प्रति किलो पर खुला। फिलहाल यह 5,490 रुपए या 2.34 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 2,29,206 रुपए प्रति किलो पर थी। अब तक के कारोबारी सत्र में चांदी ने 2,28,035 रुपए प्रति किलो का न्यूनतम स्तर और 2,32,300 रुपए प्रति किलो का उच्चतम स्तर छुआ।भारत के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी सोने और चांदी की कीमतों में कमजोरी देखी जा रही है। सोना 2.09 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 4,230 डॉलर प्रति औंस और चांदी 3.67 प्रतिशत की गिरावट के साथ 62.43 डॉलर प्रति औंस पर थी। जानकारों के मुताबिक, सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट की बड़ी वजह फेड की ओर से ब्याज दरों के बढ़ने की आशंका और डॉलर इंडेक्स में लगातार तेजी को माना जा रहा है, जो कि अब 100.83 पर पहुंच गया है। डॉलर इंडेक्स, अमेरिकी मुद्रा डॉलर को दुनिया की छह बड़ी मुद्राओं- यूरो, जापानी येन, पाउंड स्टर्लिंग, कैनेडियन डॉलर, स्वीडिश क्रोना और स्विस फ्रैंक- के मुकाबले स्थिति को दिखाता है।

## AI को लेकर बिल गेट्स ने फिर चेताया, खतरनाक ताकत ले सकती है एक अरब लोगों की जान

वॉशिंगटन (आरएनएस)। माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की ताकत को खतरनाक बताते हुए चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के कारण ऐसी घटनाएं हो सकती हैं, जिनमें एक अरब लोगों की जान जा सकती है।उनका यह बयान ऐसे समय में आया है, जब अमेरिका में इस बात पर तेज



बहस चल रही है कि एडवांस एआई के लिए सरकार को सख्त नियम बनाने चाहिए या ऐसे नियमों से बचना चाहिए, जो चीन के साथ एआई की दौड़ में अमेरिका की रफ्तार धीमी कर सकते हैं। एनबीसी के 'मीट द प्रेस' कार्यक्रम में गेट्स ने कहा कि एआई पहले की तकनीकी तरक्की से अलग है और आने वाले कुछ वर्षों में यह इंसानों से कई गुना ज्यादा बुद्धिमान हो सकती है। ड्रगेट्स ने कहा, "यह वास्तव में विकास की एक बहुत बड़ी घटना है। हमने एक ऐसी बुद्धिमान तकनीक बनाई है, जो कई मामलों में पहले ही हमसे ज्यादा समझदार है और अगले कुछ सालों में बहुत तेजी से आगे बढ़ते हुए हमसे कई गुना ज्यादा बुद्धिमान हो सकती है।" जब उनसे पूछा गया कि क्या एआई मानवता के अंत का कारण बन सकती है, तो गेट्स ने कहा, "एआई निश्चित तौर पर इतनी ताकतवर है कि वह ऐसी घटनाओं को बढ़ावा दे सकती है, जिनमें एक अरब लोगों की जान जा सकती है।"

## टैक्सपेयर्स को बड़ी राहत, CBDT ने बढ़ाई ITR और ऑडिट रिपोर्ट दाखिल करने की तारीख

नई दिल्ली (आरएनएस)। आयकर विभाग ने ऑडिट के दायरे में आने वाले करदाताओं और कारोबारियों को बड़ी राहत देते हुए असेसमेंट ईयर (AY) 2026-27 के लिए इनकम टैक्स रिटर्न (ITR) और टैक्स ऑडिट रिपोर्ट दाखिल करने की समयसीमा बढ़ा दी है। सेंट्रल बोर्ड ऑफ डायरेक्ट टैक्सेज (CBDT) ने सोमवार को एक आधिकारिक प्रेस रिलीज जारी कर इस विस्तार की घोषणा की। बोर्ड के इस फैसले से त्योहारों के सीजन में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स (CA) और व्यवसायियों को ऑडिट और रिटर्न फाइलिंग के अनुपालन के लिए अतिरिक्त समय मिल सकेगा।

**टैक्स ऑडिट रिपोर्ट जमा करने के लिए मिला 21 अक्टूबर तक का समय**

आयकर अधिनियम, 1961 के तहत जिन करदाताओं के खातों का ऑडिट अनिवार्य है, उनके लिए टैक्स ऑडिट रिपोर्ट जमा करने की पूर्व निर्धारित अंतिम तिथि 30 सितंबर 2026 थी। सीबीडीटी ने इस 'निर्दिष्ट तिथि' (Specified Date) को आगे बढ़ाते हुए अब 21 अक्टूबर 2026 कर दिया है। ऑडिट रिपोर्ट जमा करने की तारीख नजदीक आने से टैक्स प्रोफेशनल्स और कारोबारियों पर भारी दबाव था, जिसे देखते हुए विभाग ने 21 दिनों की अतिरिक्त मोहलत दी है।

**31 अक्टूबर के बजाय अब 21 नवंबर तक भरा जा सकेगा ITR**

ऑडिट रिपोर्ट की समयसीमा बढ़ने के साथ ही रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तारीख में भी बदलाव किया गया है। आयकर अधिनियम की धारा 139(1) के तहत ऑडिट श्रेणी में आने वाले करदाताओं के लिए इनकम टैक्स रिटर्न दाखिल करने की पूर्व निर्धारित समयसीमा 31 अक्टूबर 2026 थी, जिसे बढ़ाकर अब 21





नवंबर 2026 कर दिया गया है। करदाता अब बिना किसी विलंब शुल्क के तय समयसीमा के भीतर अपनी विवरणी जमा कर सकेंगे।

**जल्द जारी होगा आधिकारिक नोटिफिकेशन**

सीबीडीटी ने स्पष्ट किया है कि टैक्स ऑडिट रिपोर्ट और रिटर्न दाखिल करने की समयसीमा में किए गए इस बदलाव को कानूनी तौर पर लागू करने के लिए औपचारिक आदेश और विस्तृत अधिसूचना (Notification) अलग से जारी की जाएगी। बोर्ड द्वारा समय रहते दी गई इस राहत से देश भर के उद्योग संगठनों, व्यापार मंडलों और टैक्स सलाहकारों ने संतोष जताया है।

## एनएसई के शेयर आईपीओ इश्यू प्राइस से नीचे फिसले, ऑल-टाइम हाई से 6 प्रतिशत नीचे

मुंबई (ए.)। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया (एनएसई) के हाल ही में सूचीबद्ध हुए शेयर सोमवार को अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के इश्यू प्राइस से नीचे फिसल गए। इसके साथ ही, शेयर बाजार में लिस्टिंग के बाद अपने उच्चतम स्तर से इनमें 6 प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई।

सुबह के कारोबार में एनएसई का शेयर 1,767 रुपए पर कारोबार कर रहा था, जो पिछले बंद भाव से 1 प्रतिशत से अधिक की गिरावट है। शेयर ने सुबह करीब 10 बजे 1,761 रुपए का इंट्राडे लो बनाया। यह इश्यू प्राइस से 1.34 प्रतिशत और बीएसई पर दर्ज 1,878 रुपए के उच्चतम स्तर से 6.23 फीसदी नीचे था। दोपहर 11:30 बजे एनएसई का शेयर मामूली रिकवरी के साथ 1,771 रुपए पर था। इसके अलावा, शेयर 1,800 रुपए पर सूचीबद्ध हुआ था, जो कि इसके इश्यू प्राइस 1,785 रुपए से अधिक था। इसी दिन शेयर ने 1,878 रुपए का ऑल-टाइम हाई बनाया था। इससे पहले के कारोबारी सत्र में भी शेयर 0.56 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुआ था। यह लिस्टिंग प्राइस से मामूली ऊपर था। एनएसई का 22,561.57 करोड़ रुपए का आईपीओ वर्ष 2024 में हुंडई मोटर इंडिया के 27,870 करोड़ रुपए के आईपीओ के बाद भारत का दूसरा सबसे बड़ा सार्वजनिक निर्गम था।

# सम्पादकीय

अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है,
सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य

## विश्वसनीयता स्वत: संदिग्ध

मुद्दा है कि बजट क्यों नहीं है? दरअसल, शिक्षा एवं स्वास्थ्य क्षेत्र में प्राइवेट सेक्टर के लिए तमाम उदारता दिखाने वाली सरकारें जब ऐसी बात कहती हैं, तो उनकी विश्वसनीयता स्वत: संदिग्ध हो जाती है। मासिक स्टाइपेंड बढ़ाने की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे मेडिकल (एमबीबीएस) इंटर्न्स पर भोपाल में वॉटर कैनन चलाया गया। पांच साल की महंगी पढ़ाई करने और अनियमित घंटों तक काम करने के बाद इन डॉक्टरों को हर महीने फिलहाल 14,337 की वृत्ति मिलती है। इस रकम पर युवा डॉक्टर किस तरह गुजारा चलाते होंगे, इसकी कल्पना की जा सकती है। स्टाइपेंड को 30 हजार रुपये करने की मांग को लेकर भोपाल के गांधी मेडिकल कॉलेज अस्पताल के इंटर्न मुख्यमंत्री आवास की ओर बढ़ रहे थे, तब पानी की बौछार कर उन्हें तितर-बितर कर दिया गया। इस घटना के विरोध में राज्य के कई सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पतालों में ओपीडी सहित अन्य सेवाएं प्रभावित हुईं। उधर हरियाणा में करीब 12,000 अतिथि अध्यापक ढाई महीने से भी अधिक समय से कुरुक्षेत्र स्थित सचिवालय के बाहर मोर्चा लगाए हुए हैँ। ये शिक्षक क्रमिक भूख हड़ताल पर हैं। मुख्यमंत्री आवास के घेराव के साथ-साथ विधायकों को ज्ञापन सौंप चुके हैं। यानी जिन शिक्षकों को क्लास में मौजूद रह कर बच्चों का शिक्षण करना चाहिए, वे प्रतिरोध के अलग-अलग माध्यमों से अपने भविष्य की लड़ाई लड़ रहे हैं। इनमें से अनेक शिक्षक 20 साल से ज्यादा समय से अतिथि रूप में ही अपनी सेवाएं दे रहे हैं, जिन्हें नियमित शिक्षकों की तुलना में लगभग एक तिहाई पारिश्रमिक मिलता है। हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट ने नियमित किए जाने की उनकी मांग को जायज माना। लेकिन सरकार इसे टालती चली गई है। ये दोनों आंदोलन देश में स्वास्थ्य एवं शिक्षा क्षेत्र के मौजूदा हाल की मिसाल हैँ। वे वो अहम क्षेत्र हैं, जिन्हें किसी समाज के विकास की बुनियाद समझा जाता है। मगर आज हाल यह है कि सरकारों के पास बजट ना होने का तर्क है। इसलिए ऐसे तमाम महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों को कामचलाऊ ढंग से चलाने की रस्म-अदायगी सामान्य बात हो गई है। मुद्दा है कि बजट क्यों नहीं है? क्या इसके लिए खुद सरकारी नीतियां जिम्मेदार नहीं हैं? दरअसल, शिक्षा एवं स्वास्थ्य क्षेत्र में प्राइवेट सेक्टर के लिए तमाम उदारता दिखाने वाली सरकारें जब ऐसी बातें कहती हैं, तो उनकी विश्वसनीयता स्वत: संदिग्ध हो जाती है।

## लखपति दीदी बनाने में मददगार बन रही छत्तीसगढ़ की महतारी वंदन योजना

धनंजय राठौर

महतारी वंदन योजना के तहत मिलने वाली 1,000 रुपये की मासिक राशि छत्तीसगढ़ की लाखों महिलाओं के लिए घर-गृहस्थी में मदद से कहीं ज्यादा साबित हो रही है। यह राशि कर्ज, स्वयं सहायता समूहों और आजीविका के अवसरों के साथ मिलकर महिलाओं की आय का स्थायी जरिया बन रही है। महतारी वंदन योजना राज्य की सबसे बड़ी योजनाओं में से एक है, जिसमें लगभग 68 लाख महिला लाभार्थी शामिल हैं। इस योजना के तहत लाभार्थियों को अब तक 31 किस्तों में 20,075.38 करोड़ रुपये जारी किए जा चुके हैं। इस साल राज्य के बजट में इस योजना के लिए 8,200 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है इसी योजना की पूरक महतारी शक्ति ऋण योजना के तहत नवंबर 2024 से अब तक लगभग 41,124 लाभार्थियों ने 102.38 करोड़ रुपये के बिना गारंटी वाले स्वरोजगार ऋण का लाभ उठाया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा, इस योजना के तहत मिलने वाले लोन से सब्बेचने, कारीगरी और दूसरे छोटे-मोटे काम करने वाली महिलाओं को अपना कारोबार बढ़ाने और घर की आर्थिक स्थिति मजबूत करने में मदद मिलती है। इससे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लखपति दीदी के विजन को साकार करने में भी मदद मिल रही है।

इनकी कहानियां बनीं मिसाल

रानू कैवर्त, आंदी गांव, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही

सिलाई, कपड़े और किराने के कारोबार के साथ-साथ बटेर और देसी मुर्गी पालन एवं हैचरी का काम करके सालाना 3 लाख रुपये की आमदनी।

सीता मरावी, गुडुमदेवारी

किराने की दुकान के लिए बैंक से 25 हजार और मुर्गी पालन के लिए स्वयं सहायता समूह से 50 हजार रुपये का लोन लेकर सालाना कमाई 2.5 लाख रुपये तक पहुंचाई।

सुमन लता वाकरे, गुडुमदेवारी

स्वयं सहायता समूह से 15 हजार रुपये लेकर किराने की दुकान शुरू की, बाद में बैंक लोन से विस्तार किया। अब सालाना 1 लाख रुपये से ज्यादा की कमाई।

केजू बाई सलामे, रामगढ़, मोहला-मानपुर- अंबागढ़ चौकी

महतारी वंदन के हर महीने मिलने वाले 1,000 रुपये का इस्तेमाल किराने के सामान का स्टॉक भरने में करती हैं, जिससे बिक्री बढ़ी और वे लखपति दीदी बनने की दिशा में आगे बढ़ रही हैं।

# उज्जैन जिले के ग्राम कासोन में 24 घंटे पानी प्रदाय

## हर पल जल में बना यह जिले का मॉडल

**संदीप कुलश्रेष्ठ**

यदि दृंढ इच्छाशक्ति, मेहनत और संकल्प से कोई काम किया जाए तो सफलता मिलनी तय है। सरकार के हर घर जल के सपने को साकार किया है उज्जैन जिले के महिदपुर तहसील के ग्राम कासोन ने। करीब 1482 आबादी वाले इस गांव में अब सप्ताह के सभी सातों दिन और 24 घंटे नल से पेयजल प्रदाय हो रहा है। इस प्रकार इस गांव ने उज्जैन जिले का हर पल जल का नया मॉडल अपने नाम कर लिया है।

### यह सब कैसे किया ?

इस गांव के ग्रामीणों ने करीब डेढ़ साल पहले नल जल योजना में अपने हिसाब से सुधार किया। बेकार बह रहे 70 प्रतिशत पानी को बचाकर उसने यह कमाल कर दिखाया। इस उपलब्धि के लिए ग्राम पंचायत और ग्रामीणों को 4 माह कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। फिर इसकी शुरूआत हुई, लीकेज से बेकार बह रहे पानी को रोकने से। गांव की नल जल योजना के पाईपलाईन के ज्वाइंट को चिपकाकर लगाए पाईप को खोलकर उस जगह नट-बोल्ट से कसते हुए नई पैंकिंग कर दी गई। इसके साथ ही 95 स्टैंड पोस्ट की मरम्मत भी की गई और 80 से अधिक लीकेज सुधार लिये गये। ऐसा करने से बेकार बर्बाद हो रहे पानी को बहने से रोक लिया गया।

### ग्रामीण खुद आगे आए –



यह काम अकेले ग्राम पंचायत ने नहीं किया। इसके लिए ग्रामीण खुद आगे आए और उन्होंने खुद ने 75 नए स्टैंड पोस्ट बनवा लिए। इसके साथ ही करीब 250 घरों के लोगों ने खुद अपने खर्चे पर नलों में टोंटियां लगाई। इस प्रकार पंचायत और ग्रामीणों के सुधार से अब पूरे गांव में सभी को पूरे सप्ताह 24 घंटे पानी मिल रहा है।

### पहले पूरे गांव को नहीं मिल पाता था पानी –

इस गांव में करीब डेढ़ साल पहले 95 लाख से तैयार की गई नल जल योजना से पीने का पानी प्रदाय किया जा रहा था, लेकिन योजना की कमी के कारण 70 प्रतिशत पानी बेकार बह जाता था। पाईपलाईन से जुड़े पीछे वाले लोगों तक पानी ही नहीं पहुंचता था। किन्तु अब बेकार बह रहे पानी को बचाने और सही प्रबंधन से पूरे गांव को 24 घंटे पानी मिल रहा है।

### सामाजिक संस्था भी आगे आई –

गांव में 24 घंटे पानी प्रदाय करने की इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर एक सामाजिक संस्था फीडबैक फाउंडेशन की भी खासी भूमिका रही। कुछ माह पहले इस संस्था के अजय सिन्हा और वकील अहमद ने ग्रामीणों को इस संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन दिया और योजना में स्थानीय जरूरत के अनुसार सुधार करने के भी सुझाव दिए। इस प्रकार यह कासोन गांव उज्जैन जिले का पहला गांव बन गया है, जहाँ 24 घंटे पानी प्रदाय हो रहा है।

### अन्य ग्राम पंचायत भी लें प्रेरणा –

ग्राम कासोन में सातों दिन और 24 घंटे पानी प्रदाय की खबर धीरे-धीरे उज्जैन जिले के अन्य गांवों में भी पहुंच रही है। किन्तु उन गावों के सरपंच और ग्रामीणों को यह सब सुनकर ही चुप नहीं रह जाना है, बल्कि ग्राम कासोन के इस अनूठे प्रयोग को अपने गांवों में भी वर्तमान परिस्थिति के अनुसार परिवर्तन कर अपनाना चाहिए, ताकि वे गांव भी अपने गांवों के ग्रामीणों को 24 घंटे पीने का पानी प्रदाय कर सके।

# युगपुरुष श्रद्धेय अशोक सिंहल का जन्मशताब्दी वर्ष

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

एक बहुत सुंदर सुभाषित है, वृक्ष कबहुँ नहिं फल भखै, नदी न संचै नीर। परमारथ के कारने, साधुन धरा शरीर। इसका मतलब है कि पेड़ कभी अपने फल स्वयं नहीं खाता, नदी अपना जल अपने पास नहीं रखती। इसी तरह, संत स्वभाव के लोग भी स्वयं को प्राथमिकता ना देते हुए, सदैव दूसरों की सेवा के लिए तत्पर रहते हैं, अपना जीवन लोक कल्याण के लिए समर्पित कर देते हैं। सदियों से हमारे ऋषियों ने हमें यही सिखाया है कि मानवता के कल्याण के लिए समर्पित जीवन का महत्व व्यक्तिगत उपलब्धियों से कहीं अधिक होता है। श्रद्धेय अशोक सिंघल का जीवन इस भावना का पुण्य उदाहरण है।

27 सितंबर से हम स्वर्गीय अशोक सिंघल का जन्म-शताब्दी वर्ष मनाने जा रहे हैं। यह एक महान विभूति के सम्मान का सुअवसर है। उन्होंने आध्यात्मिक साधना, सांस्कृतिक जागरण और दशकों तक समर्पित भाव से समाज एवं संगठन के कार्यों को आगे बढ़ाया।

यह मेरे लिए सौभाग्य की बात है कि मुझे स्वर्गीय अशोक के साथ लंबे समय तक कार्य करने, उनसे सीखने, उनसे संवाद करने और उनका स्नेह प्राप्त करने का अवसर मिला। मुझे 1981 का एक प्रसंग याद आता है। उस समय मैं एक युवा कार्यकर्ता के तौर पर संगठन की ओर से मिली जिम्मेदारियां निभा रहा था। तब मुझे अशोक का हाथ से लिखा एक पत्र मिला। उन्होंने पत्र में आने वाले एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी थी और मुझे कुछ जिम्मेदारियां सौंपी थीं। उस समय अशोक सिंघल से पत्र पाना, मेरे लिए बहुत विशेष और यादगार क्षण बन गया था।

मैंने उन्हें कई दशकों तक दिन-रात काम करते देखा। वे देश के दूर-दराज के क्षेत्रों की लंबी और कई बार कठिन यात्राएं किया करते थे। गुजरात के आदिवासी क्षेत्रों में जाना उन्हें विशेष रूप से प्रिय था। वे लगातार इस पर चिंतन करते थे कि समाज के वंचित और अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों के लिए और क्या किया जा सकता है। जब भी देश में कहीं प्राकृतिक आपदा आती, तो अशोक सिंघल सबसे पहले वहां पहुंचने वालों में होते या फिर प्रभावित लोगों की सहायता के लिए कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन देते। वर्ष 2001 में कच्छ में आए भूकंप के बाद उनके साथ का मेरा अनुभव अविस्मरणीय बन गया।


आदरणीय अशोक अत्यंत प्रतिष्ठित और संपन्न परिवार से थे। उनके पिता महावीर की एक प्रशासक के रूप में पहचान थी। उनके एक भाई बी.पी. सिंघल पुलिस अधिकारी बने और बाद में संसद सदस्य भी रहे। दूसरे भाई वी.पी. सिंघल त्रिपुरा के तब मुख्य सचिव बने, जब यह नया राज्य बना था। परिवार के अन्य सदस्यों ने भी कॉमर्स और कृषि के क्षेत्र में सफलता हासिल की। लेकिन शुरू से ही अशोक का झुकाव बिल्कुल अलग दिशा में था। बहुत कम उम्र में ही उनके व्यवहार में दूसरों के प्रति करुणा और सेवा की अद्भुत भावना दिखने लगी थी। वे चाहते थे कि भारत का पुनरुत्थान हो और मां भारती की संतान गौरवशाली उपलब्धियां हासिल करें। प्रयागराज में पले-बढ़े अशोक कई घंटे संगम के तट पर बैठा करते थे। नदी के प्रति उनका स्वाभाविक आकर्षण था। वहां आने वाले साधु-



संत और श्रद्धालुओं से भी उनकी बहुत आत्मीयता थी। इससे भारत के सांस्कृतिक लोकाचार की उनकी समझ और समृद्ध हुई। समाज के लिए कुछ करने का उनका संकल्प भी और दृढ़ हुआ। दूसरों के लिए जीने की यही ललक उन्हें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में ले आई। उनको जो भी जिम्मेदारी मिली, उसे उन्होंने पूरे उत्साह, अनुशासन और कर्तव्यभाव से निभाया।अशोक सिंघल ने अपने निरंतर प्रयास और अथक परिश्रम से अनेक संस्थाओं और आंदोलनों को मजबूत किया। अपनी ओजस्वी वाणी और अभिव्यक्ति की अद्भुत शैली से वे पूरी सभा को मंत्रमुग्ध कर देते थे। अपने साथी कार्यकर्ताओं के प्रति वे अत्यधिक स्नेह रखते थे। जो भी उनके संपर्क में आता, वह उनकी सादगी से प्रभावित हुए बिना नहीं रहता। संत समाज के साथ उनके संबंध बहुत प्रगाढ़ थे। देशभर के साधु-संतों के बीच भी उनका काफी सम्मान था। संतगण उनके परामर्श को महत्व देते थे और उनकी बातों को पूरे आदरभाव से सुनते थे। मेरी स्मृति में ऐसी दो घटनाएं उभर रही हैं, जिनसे अशोक सिंघल के विराट व्यक्तित्व को समझा जा सकता है। पहली घटना 1993 की है। विश्व हिंदू परिषद ने स्वामी विवेकानंद के शिकागो संबोधन के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में अमेरिका में एक सम्मेलन आयोजित किया था। विदेश में ऐसे भव्य सम्मेलन का विजन, उसकी प्लानिंग और विभिन्न समूहों को एक मंच पर लाने का भगीरथ प्रयास अशोक के अद्वितीय संगठनात्मक कौशल का परिचायक था। दूसरी घटना वर्ष 2000 की है, जब त्रिनिदाद और टोबैगो के पोर्ट ऑफ स्पेन में विश्व हिंदू सम्मेलन का आयोजन हुआ था। उस समय मैं भी वहीं था। मैंने प्रत्यक्ष देखा कि अशोक सिंघल की उपस्थिति ने अन्य प्रतिनिधियों में कितना उत्साह भर दिया था। मेरे संबोधन के बाद उन्होंने जिस तरह मेरी सराहना की, वो मेरे लिए बहुत भावुक कर देने वाला अनुभव था। मैंने एक बार फिर अनुभव किया कि उनका प्रोत्साहन किस तरह हर कार्यकर्ता को नई ऊर्जा से भर देता था।

राम जन्मभूमि आंदोलन में अशोक सिंघल की ऐतिहासिक भूमिका का स्मरण किए बिना उनका कोई भी उल्लेख अधूरा है। वर्ष 1991 की बोट क्लब रैली में दिए गए उनके ओजस्वी संबोधन को कौन भूल सकता है? या आंदोलन के चरम पर लहूलुहान और घायल अवस्था में अशोक की वह ऐतिहासिक तस्वीर भला किसकी स्मृति से मिट सकती है? आज अयोध्या में भव्य राम मंदिर है, तो इसके पीछे अशोक जैसी विभूतियों का निस्वार्थ समर्पण है, जिन्होंने इसे संभव बनाने के प्रयास में स्वयं को पूरी तरह खपा दिया। आज यदि अशोक हमारे बीच होते तो अयोध्या में राम मंदिर को देखकर वो सबसे अधिक भावुक एवं प्रसन्न होते।

स्वर्गीय अशोक सिंघल के विचार बहुत सुलझे हुए थे। वे स्पष्ट रूप से मानते थे कि समाज में समरसता के साथ ही भाईचारे का संदेश मजबूत होना चाहिए। उन्होंने सामाजिक एकता और समानता के लिए निरंतर कार्य किया। उनका साफ मत था कि समाज में किसी प्रकार का कोई भेदभाव नहीं होना चाहिए। प्रत्येक व्यक्ति समान गरिमा व सम्मान का अधिकारी है। यही वजह थी कि उन्होंने अयोध्या में राम मंदिर की पहली ईंट रखने को लेकर अपने विचार को स्पष्ट रूप से रखा। उन्होंने ही कहा था कि यह पुनीत कार्य बिहार के वीएचपी कार्यकर्ता और वंचित वर्ग से आने वाले कामेश्वर चौपाल के हाथों से हो। काशी में एक धर्म संसद के दौरान उन्होंने डोम राजा को सम्मानित करने का फैसला किया और कई सामुदायिक अभियानों में उनके साथ मिलकर काम किया। राष्ट्र-निर्माण के साथ ही अशोक सिंघल के दो ऐसे प्रिय क्षेत्र थे, जो उनके हृदय के अत्यंत निकट थे। शिक्षा (विशेषकर वैदिक शिक्षा) और संगीत, इन दोनों से उनका गहरा लगाव था। वाराणसी के सांसद के रूप में मुझे इस बात पर अत्यंत गर्व की अनुभूति होती है कि जहां का मैं प्रतिनिधित्व करता हूं, उस शाश्वत काशी ने अशोक सिंघल के जीवन में एक अहम भूमिका निभाई। उन्होंने बीएचयू से शिक्षा प्राप्त की थी और वे एक मेधावी छात्र के रूप में जाने जाते थे। वे एकल विद्यालय की पहल से भी गहराई से जुड़े थे, जिसने दूर-दराज के गांवों, खासकर जनजातीय समुदायों तक बुनियादी शिक्षा पहुंचाने का कार्य किया। वे जितने गहरे अध्येता और उत्साही पाठक थे, उतने ही अच्छे श्रोता भी थे। वे युवा कार्यकर्ताओं को सदैव पुस्तकें पढ़ने के लिए प्रेरित करते रहते थे। आदरणीय अशोक को निकट से जानने वालों को पता है कि वे कितना सुंदर गाते थे। मुझे नागपुर की उन बैठकों की याद आती है, जिसमें वे एकल गीत गाया करते थे। उनका गायन सभी को मंत्रमुग्ध कर देता था और पूरी बैठक में नई ऊर्जा भर जाती थी। वर्ष 2015 में उनके 90वें जन्मदिवस समारोह का एक वीडियो खूब वायरल हुआ था, जिसमें उन्होंने 'हे मातृभूमि मेरी, हे पितृभूमि मेरी' गाकर सभी को चौंका दिया था। स्वर्गीय अशोक सिंघल ने अपने जीवन में हर क्षण इस महान राष्ट्र के उत्कर्ष का ही स्वप्न देखा था।




मेष राशि: आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। छात्रों के लिए आज का दिन व्यस्त रहेगा। आज आपके हार्ड वर्क से जल्द ही सफलता आपके कदम चूमेगी। प्राइवेट सेक्टर में काम करने वालों का आज प्रमोशन होगा।

वृष राशि: आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आपके पास कई कार्य होंगे जिनमें से आपको कुछ कार्यों की शुरुआत करनी होगी और उन्हें अंतिम रूप देना होगा। आज आपको किसी व्यक्ति की मदद करने का मौका मिलेगा।

मिथुन राशि: आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपके पुराने दोस्त आपसे मिलने आ सकते हैं। आज ऑफिस के किसी काम में हड़बड़ी नहीं करेंगे तो काम समय पर व आसानी से पूरा हो जायेगा। आज व्यापार में आपको किसी उच्चाधिकारी का सहयोग मिलेगा, जिससे आपकी परेशानी का निवारण हो जायेगा।

कर्क राशि: आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप अपने जीवनसाथी की बात को समझने की कोशिश करेंगे। आज शाम किसी दोस्त की बर्थडे पार्टी में आपकी मुलाकात किसी ऐसे व्यक्ति से होगी जिससे आपकी दोस्ती हो सकती है।

सिंह राशि: आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आपके घर में नया मेहमान आ सकता है, घर खुशियों से भर जायेगा। आप किसी काम को लेकर उत्साहित होंगे, काम आसानी व समय से पूरा हो जायेगा। आज आय के नए स्रोत बनेंगे, आपका आर्थिक पक्ष मजबूत होगा।

कन्या राशि: आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आप अपने खाली समय का सदुपयोग नई चीजें सीखने में करें, जो आपकी उन्नति में योगदान देगा। आज आपसे मिलने कोई व्यक्ति आएगा जो आपका बेहद प्रिय होगा, उससे मिलकर आपको खुशी होगी। आज आप किसी मित्र की आर्थिक सहायता करेंगे।

तुला राशि: आज का दिन आपके लिए खास होने वाला है। आज आपकी पुराने दोस्त से अचानक मुलाकात हो सकती है, जिससे मिलकर आपकी बचपन की यादें ताजा हो जाएंगी। पिता आपके जिम्मेदार व्यक्तित्व को देखकर गर्व महसूस करेंगे।

वृश्चिक राशि: आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आप अपने कारोबार के साथ-साथ अपनी निजी लाइफ में बैलेंस बनाये रखें, आपका जीवन सुखमय रहेगा। घर के बुजुर्गों का स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

धनु राशि: आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। परिवार के सामने आपको अपनी राय रखने का पूरा मौका मिलेगा, आपकी योजना से लोग काफी प्रभावित होंगे, आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। आपका मन ईश्वर की भक्ति में लगा रहेगा, आज आप किसी मंदिर जा सकते हैं जहां आपको खुशी मिलेगी। करियर में आप नये आयाम स्थापित करेंगे।

मकर राशि: आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपके घर कोई मेहमान आएंगे, जिससे आपके दिन भर के शेड्यूल में चेंजेस होंगे। आज माताएं अपने बच्चों को मोरल स्टोरी सुनाएंगी। कंस्ट्रक्शन के कारोबारियों का चल रहा काम आज पूरा हो जायेगा।

कुम्भ राशि: आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। हार्डवेयर के कारोबारियों का दिन लाभदायक साबित होगा। आपका कोई काम जो बहुत दिनों से पूरा नहीं हो रहा था, आज किसी सहयोगी की सहायता से पूरा हो जायेगा।

मीन राशि: आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आपका मन किसी नए काम में लगेगा। कठिन कार्यों में भी आप हार नहीं मानेंगे, आप तरक्की के बहुत नजदीक हैं। आपकी काबिलियत से आज आपको नयी पहचान मिलेगी। इस राशि के जो मार्केटिंग के बिजनेस से जुड़े हैं उनके बिजनेस में आज इजाफा होगा।

# सेवा संकल्प अभियान 2026 : सेवा मेरा योगदान

### -पक्की छत से बदली जिंदगी, प्रधानमंत्री आवास योजना ने जशपुर के हजारों परिवारों के सपनों को दिया आकार

कभी बारिश में टपकती छत और कमजोर दीवारों के बीच रात गुजारने को मजबूर परिवार आज अपने पक्के घर में सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना जशपुर जिले के ऐसे हजारों परिवारों के लिए केवल एक आवास योजना नहीं, बल्कि वर्षों पुराने सपने को साकार करने और जीवन में स्थायित्व लाने का माध्यम बनी है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से जिले में अब तक 1 लाख 12 हजार 948 आवास स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें 96 हजार 801 आवास पूर्ण हो चुके हैं।

प्रधानमंत्री आवास योजना के साथ प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम जनमन) के माध्यम से विशेष पिछड़ी जनजाति परिवारों तक भी पक्के आवास और बुनियादी सुविधाएं पहुंच रही हैं। वहीं मुख्यमंत्री साय की मंशा के अनुरूप आवास प्लस 2.0 के तहत पूर्व में छूटे परिवारों का सर्वेक्षण कर पात्रतानुसार उन्हें भी योजना से जोड़ने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

कच्चे मकान की चिंता खत्म, पक्की छत ने दिया सुरक्षा और सम्मान का भरोसा

जशपुर जिले के अनेक परिवारों का जीवन वर्षों तक कच्चे मकानों में अभाव और कठिनाइयों के बीच बीता। कमजोर दीवारें, टूटी-फूटी छत और बरसात के दिनों में घर के भीतर टपकता पानी उनकी रोजमर्रा की परेशानी का हिस्सा था। बारिश के दौरान सामान को भीगने से बचाना और परिवार के लिए सुरक्षित जगह तलाशना बड़ी चुनौती होती थी। सीमित आर्थिक संसाधनों के कारण अपना पक्का घर बनाना ऐसे परिवारों के लिए आसान नहीं था।

प्रधानमंत्री आवास योजना ने इस स्थिति को बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पक्की छत मिलने से परिवारों को मौसम की मार से सुरक्षा के साथ अपने घर में सम्मानपूर्वक जीवन जीने का भरोसा मिला है। आज ये आवास केवल ईंट और सीमेंट से बने मकान नहीं, बल्कि परिवारों के बेहतर भविष्य, सुरक्षा और आत्मसम्मान की मजबूत नींव बन रहे हैं।

जशपुर में 1.12 लाख से अधिक आवास स्वीकृत, 96,801 आवास पूर्ण

प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत जशपुर जिले में अब तक कुल 1 लाख 12 हजार 948 आवास स्वीकृत किए जा चुके हैं। इनमें 96 हजार 801 आवासों का निर्माण पूर्ण हो चुका है। इन पक्के घरों में हजारों परिवार अब अपने बच्चों और परिजनों के साथ सुरक्षित जीवन व्यतीत कर रहे हैं।

योजना के माध्यम से पात्र परिवारों को पक्का आवास उपलब्ध कराने के साथ उनके जीवन स्तर में व्यापक सुधार का प्रयास किया जा रहा है। आवास के साथ स्वच्छ पेयजल, बिजली, शौचालय और एलपीजैसी बुनियादी सुविधाओं तक पहुंच परिवारों के जीवन को अधिक सुविधाजनक बनाने में सहायक हो रही है। इस तरह पक्का मकान परिवार की सुरक्षा के साथ स्वास्थ्य, स्वच्छता और बेहतर जीवन स्तर का भी आधार बन रहा है।

पीएम जनमन से पहाड़ी कोरवा परिवारों के जीवन में आया बदलाव

जशपुर जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति परिवारों तक विकास की बुनियादी सुविधाएं पहुंचाने में प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम जनमन) महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। वर्ष 2023 से 2025 तक जिले में पीएम जनमन के अंतर्गत 2,100 आवास स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें 1,614 से अधिक आवास पूर्ण हो चुके हैं।

इससे विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा परिवारों को सुरक्षित पक्के आवास का लाभ मिला है। पीएम जनमन के तहत आवास के साथ स्वच्छ पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, सड़क एवं दूरसंचार कनेक्टिविटी और स्थायी आजीविका जैसी बुनियादी आवश्यकताओं तक पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है। दूरस्थ और दुर्गम क्षेत्रों में रहने वाले परिवारों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने की यह पहल उनके जीवन में स्थायी बदलाव का आधार बन रही है।

आवास प्लस 2.0 : छूटे 1.02 लाख से अधिक परिवारों का हुआ सर्वेक्षण

पक्के आवास की सुविधा से कोई पात्र परिवार वंचित न रहे, इसके लिए आवास प्लस 2.0 के तहत जिले में पूर्व में छूटे परिवारों का पुन: सर्वेक्षण किया गया है। इसके अंतर्गत 1 लाख 2 हजार 371 परिवारों का सर्वे किया गया है। सर्वेक्षण के बाद निर्धारित पात्रता के आधार पर परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना सहित संबंधित योजनाओं से लाभान्वित करने की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी।

इस पहल से उन जरूरतमंद परिवारों के लिए भी पक्के आवास की उम्मीद मजबूत हुई है, जो किसी कारणवश पूर्व में योजना में शामिल नहीं हो पाए थे। इससे जिले में पक्के आवास का दायरा और व्यापक होगा तथा अधिक से अधिक पात्र परिवारों तक योजना का लाभ पहुंच सकेगा।





### केदारनाथ में बड़ा हादसा

## पैदल मार्ग पर पत्थर गिरने से 5 साल के बच्चे की मौत, 1500 यात्रियों का रेस्क्यू



उत्तरकाशी, (आरएनएस)। केदारनाथ पैदल मार्ग पर चीरबासा के समीप रविवार शाम पहाड़ी से पत्थर और मलबा गिरने से 5 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। हादसे के बाद मार्ग पर मलबा आने से कई यात्री फंस गए। यात्रियों को सुरक्षित निकालने के लिए रातभर रेस्क्यू अभियान चलाया गया। रेस्क्यू टीमों ने करीब 1,500 यात्रियों को सुरक्षित मार्ग पार कराया। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि पुलिस कंट्रोल रूम से चीरबासा के समीप पहाड़ी से पत्थर गिरने की सूचना मिली थी। पत्थरों की चपेट में आने से एटा, उत्तर प्रदेश निवासी पांच वर्षीय यश पुत्र रोहताश यादव की मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर तैनात रेस्क्यू टीम ने बच्चे के शव को पालकी के जरिए एमआरपी भैरव मंदिर, जंगलचट्टी पहुंचाया।

उन्होंने बताया कि चीरबासा क्षेत्र में मलबा और पत्थर आने से केदारनाथ पैदल मार्ग अवरुद्ध हो गया था। यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए मौके पर तैनात रेस्क्यू टीमों ने तत्काल अभियान शुरू किया। देर रात तक यात्रियों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने की कार्रवाई जारी रही। रातभर चले रेस्क्यू अभियान के दौरान करीब 1,500 यात्रियों को सुरक्षित निकालकर मार्ग पार कराया गया। प्रशासन और रेस्क्यू टीमें मार्ग की स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए हैं।

## लुधियाना में बाबा बागेश्वर धाम सरकार की हनुमान कथा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लिया हिस्सा

चंडीगढ़, (आरएनएस)। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लुधियाना में आयोजित बाबा बागेश्वर धाम सरकार पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री जी की हनुमान कथा में भाग लिया और उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित किया। उन्होंने संकटमोचन हनुमान जी के चरणों में नमन करते हुए पंजाब की पावन धरती तथा गुरु साहिबान की महान परंपरा को भी श्रद्धापूर्वक प्रणाम किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का अवसर अत्यंत विशेष है। यह केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि आस्था, संस्कार, संस्कृति और सेवा का संगम है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हनुमान जी केवल शक्ति के प्रतीक नहीं, बल्कि भक्ति, सेवा, समर्पण, साहस और विनम्रता के भी सर्वोच्च आदर्श हैं। उनके पास अपार शक्ति थी, लेकिन उनमें अहंकार नहीं था। उनमें अद्भुत ज्ञान था, लेकिन दिखावा नहीं था। उनका पूरा जीवन प्रभु श्रीराम की सेवा और लोक-कल्याण के लिए समर्पित रहा।

**युवाओं से नशे से दूर रहने और अपनी ऊर्जा सकारात्मक दिशा में लगाने का आह्वान**

मुख्यमंत्री ने युवाओं का आह्वान किया कि वे नशे, निराशा और नकारात्मकता से दूर रहें तथा अपनी ऊर्जा शिक्षा, खेल, कौशल, रोजगार, सेवा और राष्ट्र निर्माण में लगाएं। उन्होंने कहा कि कठिन परिस्थितियां और चुनौतियां जीवन का हिस्सा हैं, लेकिन मजबूत इच्छाशक्ति और आत्मविश्वास के साथ उनका सामना किया जा सकता है। संकट की घड़ी में संकटमोचन हनुमान जी का स्मरण हमें साहस और विश्वास प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि भारत के युवाओं की ऊर्जा देश की सबसे बड़ी ताकत है। युवाओं को अपने जीवन में अनुशासन, परिश्रम, संस्कार और सकारात्मक सोच को अपनाकर देश की प्रगति में योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें आधुनिक भी बनना है और अपनी जड़ों से जुड़े भी रहना है। तकनीक हमारे हाथ में हो, लेकिन संस्कार हमारे हृदय में रहें और आधुनिक ज्ञान के साथ बच्चों के जीवन में माता-पिता तथा गुरुजनों के प्रति सम्मान भी बना रहे।

## चिराग पासवान को एनडीए और भाजपा की नीतियों का करना चाहिए विरोधः सुरेंद्र राजपूत

लखनऊ, (आरएनएस)। कांग्रेस प्रवक्ता सुरेंद्र राजपूत ने चिराग पासवान के प्रयागराज युवा संपर्क अभियान, प्रस्तावित इंडिया ब्लॉक की बैठक और कांग्रेस सांसद राकेश राठौर को अदालत से मिली राहत पर प्रतिक्रियाएं दी। चिराग पासवान के प्रयागराज युवा संपर्क अभियान पर कांग्रेस प्रवक्ता सुरेंद्र राजपूत ने कहा, हर राजनीतिक पार्टी को अपने क्षेत्र, वोटर्स और युवाओं से बात करने का अधिकार है। चिराग पासवान उसी अधिकार का इस्तेमाल कर रहे हैं और राजनीतिक तौर पर अपनी पार्टी के लिए काम कर रहे हैं। हालांकि इस समय उन्हें एनडीए और भाजपा की उन नीतियों का विरोध करना चाहिए जिनमें वोट की चोरी, युवाओं पर असर डालने वाले पेपर लीक और नौकरियों की कमी जैसे मुद्दे शामिल हैं। केंद्र और राज्य सरकारों में लगभग 50 लाख पद खाली पड़े हैं। जब भर्ती प्रक्रिया नियुक्ति के चरण तक पहुंचती है, तो लोग सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाते हैं। अगर वह युवाओं से बात करना चाहते हैं, तो उन्हें एनडीए से बाहर आ जाना चाहिए। प्रस्तावित इंडिया ब्लॉक की बैठक पर सुरेंद्र राजपूत ने कहा, चुनाव आयोग के साथ भाजपा की मिलीभगत का भंडाफोड़ हुआ है। राहुल गांधी के नेतृत्व में इंडिया ब्लॉक बैठक करेगा। हालांकि अभी बैठक की तारीख तय नहीं हुई है। कांग्रेस सांसद राकेश राठौर को अदालत से राहत मिलने पर सुरेंद्र राजपूत ने कहा, हम संविधान का पूरा सम्मान करते हैं। राकेश राठौड़ के खिलाफ राजनीतिक साजिश हुई थी, उसका खुलासा हो गया है। अब भाजपा को बताना पड़ेगा कि भाजपा ने ओछे आरोपों का समर्थन क्यों किया? पुलिस को भी बताना पड़ेगा कि जब आरोपों में दम नहीं था तो चार्जशीट क्यों दाखिल की? भाजपा के कहने पर हमारे सांसद को परेशान किया गया था। कांग्रेस सांसद राकेश राठौड़ को विवाह का झांसा देकर दुष्कर्म के मामले में हाईकोर्ट ने निचली अदालत में चल रही कार्यवाही पर रोक लगा दी और आरोप तय करने का आदेश रद्द कर दिया है।

# भगत सिंह का राष्ट्र सम्मान के लिए सर्वस्व न्योछावर करने का जज्बा नौजवानों की हिम्मत और हौसले का प्रतीक : पीएम मोदी

नई दिल्ली,(आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शहीद भगत सिंह को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी है। पीएम मोदी ने कहा कि राष्ट्र के सम्मान के लिए सर्वस्व न्योछावर करने का भगत सिंह का जज्बा भारत के नौजवानों की हिम्मत और हौसले का प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, शहीद भगत सिंह को उनकी जयंती पर कोटि-कोटि नमन। अपने अदम्य साहस और शौर्य से उन्होंने आजादी के आंदोलन को नई धार दी। राष्ट्र के सम्मान के लिए सर्वस्व न्योछावर करने का उनका जज्बा भारत के नौजवानों की हिम्मत और हौसले का प्रतीक है। इसके साथ ही, उन्होंने एक वीडियो संदेश भी शेयर किया। इसमें पीएम मोदी ने कहा, अमर शहीद भगत सिंह हर भारतवासी, विशेषकर देश के युवाओं के



लिए प्रेरणापुंज हैं। निर्भीकता उनके स्वभाव में कूट-कूटकर भरी है। देश के लिए फांसी के फंदे पर झूलने से पहले भगत सिंह जी ने अंग्रेजों को पत्र भी लिखा।

पीएम मोदी ने आगे कहा, उन्होंने कहा था कि आप मुझे और मेरे साथियों से युद्धबंदी जैसा व्यवहार करें। इसलिए हमारी जान फांसी से नहीं, सीधा गोली मारकर ली जाए। यह उनके अदम्य साहस का प्रमाण है।

उन्होंने कहा, भगत सिंह जी लोगों की पीड़िता के प्रति भी बहुत संवेदनशील थे और उनकी मदद में हमेशा आगे रहते थे। मैं शहीद भगत सिंह को आदरपूर्वक श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। साल 1907 में 28 सितंबर की तारीख को क्रांति के सर्वोच्च शिखर पर पहुंचने वाले क्रांतिकारी सरदार भगत सिंह का जन्म स्वतंत्रतापूर्व पंजाब प्रात में हुआ था। उन्होंने ताकत के बल पर आजादी दिलाने की ठानी थी और क्रांति के पर्याय बनकर अमर हो गए। जलियांवाला बाग हत्याकांड के समय भगत सिंह की उम्र महज 12 साल की थी। साल 1920 में महात्मा गांधी के असहयोग आंदोलन से प्रभावित होकर भगत सिंह ने स्कूल छोड़ दिया था और आजादी की लड़ाई में कूद पड़े थे।भगत सिंह ने साथी क्रांतिकारियों के साथ मिलकर लाला लाजपत राय के बलिदान का बदला लेने के लिए अंग्रेज अधिकारी सांडर्स को मारा था। इससे भगत सिंह पूरे देश में एक क्रांतिकारी की पहचान बन गए। 8 अप्रैल 1929 के दिन उन्होंने बटुकेश्वर दत्त के साथ मिलकर इंकलाब जिंदाबाद का नारा लगाते हुए सेंट्रल असेंबली में बम फेंका था। बाद में भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव और अन्य क्रांतिकारियों पर मुकदमा चला।



**बीजेपी उत्तराखंड के अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट अपने परिवार के साथ नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिले और अपने बेटे की शादी का न्योता दिया।**

## दिल्ली की अदालत ने यौन उत्पीड़न मामले में बृजभूषण शरण सिंह और विनोद तोमर को जारी किया नोटिस

नई दिल्ली,(आरएनएस)। दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को कथित तौर पर यौन उत्पीड़न के मामले में भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह को नोटिस जारी किया। इस मामले में बृजभूषण शरण सिंह को बरी किए जाने के फैसले को महिला पहलवानों ने चुनौती दी है।राऊज एवेन्यू कोर्ट के स्पेशल जज दिग्विजय सिंह ने सोमवार को चार महिला पहलवानों की याचिका पर सुनवाई की। इस दौरान सेशन कोर्ट ने बृजभूषण शरण सिंह के साथ डब्ल्यूएफआई के पूर्व सचिव विनोद तोमर को भी नोटिस भेजा। इस मामले में अगली सुनवाई 9 अक्टूबर को होगी।



बृजभूषण शरण सिंह और महिला पहलवानों के बीच यह विवाद 2023 में सामने आया था। कई नामी महिला पहलवानों ने आरोप लगाया था कि वर्ष 2016 से 2022 के बीच बृजभूषण शरण सिंह की ओर से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं, ट्रेनिंग कैंप, डब्ल्यूएफआई कार्यालय और अन्य स्थानों पर उनके साथ अनुचित व्यवहार और यौन उत्पीड़न किया गया। इस मामले में डब्ल्यूएफआई के पूर्व सचिव विनोद तोमर को सह-आरोपी बनाया गया। महिला पहलवानों की शिकायतों के आधार पर, पुलिस ने बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। 15 जून 2023 को पुलिस ने कई धाराओं के तहत अपराधों के लिए बृजभूषण के खिलाफ चार्जशीट भी दाखिल की। ट्रायल कोर्ट ने 10 मई 2024 को मामले में बृजभूषण पर यौन उत्पीड़न व महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुंचाने के आरोप तय किए थे। 3 अगस्त को मामले में दिल्ली की मजिस्ट्रेट कोर्ट ने बृजभूषण सिंह और विनोद तोमर को बरी कर दिया। चार महिला पहलवानों ने मजिस्ट्रेट कोर्ट के 3 अगस्त के आदेश के खिलाफ सेशन कोर्ट का रुख किया है।

इस मामले में सह-आरोपी विनोद तोमर की बरी होने के आदेश को भी चुनौती दी गई है।

## *475 करोड़ के सोने की तस्करी का भंडाफोड़, डीआरआई के 'ऑपरेशन बॉर्डर बुलियन बस्ट' से 5 शहरों में हड़कंप, मास्टरमाइंड समेत 11 गिरफ्तार*

*मुंबई, (आरएनएस)। राजस्व खुफिया निदेशालय की मुंबई जोनल यूनिट ने देशव्यापी स्तर पर सोने की तस्करी करने वाले एक बेहद संगठित और शातिर सिंडिकेट की कमर तोड़ दी है। जांच एजेंसी ने करीब 475 करोड़ रुपये मूल्य के 318 किलोग्राम सोने की अंतरराष्ट्रीय तस्करी से जुड़े इस गिरोह का पर्दाफाश करते हुए देश के पांच प्रमुख शहरों में एक साथ ताबड़तोड़ छापेमारी की। 'ऑपरेशन बॉर्डर बुलियन बस्ट' नाम से चलाए गए इस गुप्त मिशन के तहत सिंडिकेट के मुख्य सरगना (मास्टरमाइंड) समेत कुल 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।*

***5 महानगरों में एक साथ दबिश, करोड़ों का सोना बरामद***

*डीआरआई की विशेष टीमों ने मुंबई, दिल्ली, कोलकाता, अहमदाबाद और गुवाहाटी में संदिग्ध ठिकानों पर एक साथ छापा मारा। इस समन्वित कार्रवाई के दौरान अधिकारियों ने विभिन्न ठिकानों से 6.61 किलोग्राम उच्च शुद्धता वाला तस्करी का सोना जब्त किया, जिसका बाजार मूल्य करीब 10.36 करोड़ रुपये आंका गया है। डीआरआई के वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार, यह जब्ती महज एक सिरा है, जबकि गिरोह द्वारा अब तक 475 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के 318 किलो सोने की अवैध आवाजाही के पुख्ता डिजिटल और दस्तावेजी सुराग मिले हैं।*

*बांग्लादेश बॉर्डर से कोरियर पार्सल तकः सिंडिकेट का शातिर मॉडस ऑपरेंडी जांच में तस्करी के बेहद सुनियोजित नेटवर्क का खुलासा हुआ है। यह सिंडिकेट भारत-बांग्लादेश सीमा के संवेदनशील और दुर्गम रास्तों का इस्तेमाल कर म्यांमार व पड़ोसी देशों से आने वाले विदेशी सोने को भारत में दाखिल कराता था। सुरक्षा एजेंसियों की नजरों से बचने के लिए आरोपी सोने की बड़ी खेप एक साथ भेजने का जोखिम नहीं उठाते थे। इसके बजाय, सोने को छोटे-छोटे टुकड़ों में ढालकर और छुपाकर सामान्य दिखने वाले कूरियर पैकेटों में पैक किया जाता था, जिन्हें घरेलू कूरियर नेटवर्क के जरिए देश के प्रमुख सराफा बाजारों और महानगरों तक पहुंचाया जा रहा था।*

## डिप्टी सीएम प्रवेश वर्मा की सफाई, बोले- इस वजह से युवक को मारा थप्पड़



नई दिल्ली ,(आरएनएस)। दिल्ली के तिलकनगर में सड़क के निरीक्षण के दौरान मंत्री प्रवेश वर्मा पर आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक जरनैल सिंह के साथ काम करने वाले साहिब सिंह ने थप्पड़ मारने का आरोप लगाया था। अब इस पूरे मामले पर प्रवेश वर्मा ने सफाई दी है।

प्रवेश वर्मा ने कहा कि आप कार्यकर्ता की ओर से उनके परिवार के खिलाफ गाली-गलौज की गई थी। ऐसी स्थिति में एक व्यक्ति जो करता, उन्होंने भी वही किया। मंत्री ने आरोप लगाया कि आप कार्यकर्ता लगातार बदतमीजी कर रहे थे।

प्रवेश वर्मा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर करीब तीन मिनट का एक वीडियो पोस्ट कर पूरे घटनाक्रम को लेकर अपना पक्ष रखा। वीडियो में उन्होंने घटना से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर सफाई देते हुए कहा कि उनके परिवार के खिलाफ आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया गया था। परिवार को गाली दिए जाने के बाद प्रतिक्रिया होना स्वाभाविक था। मैं आम आदमी पार्टी से कहना चाहता हूं कि आप जो काम नहीं कर पाए, हमारी सरकार कर रही है। इसीलिए पेट में दर्द हो रहा है। सरकारी कार्यों में जो बाधा डालेगा, जो सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाएंगे, कमीशन मांगेंगे तो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

मंत्री ने कहा कि आज की घटना के पीछे की पूरी सच्चाई मैं सुनाता हूं, लेकिन जो हुआ वो नहीं होना चाहिए था। आज आम आदमी पार्टी जो वीडियो शेयर कर रही है, उसके पीछे की सच्चाई आपको पता होनी चाहिए। विकास पुरी रिंग रोड पर पिछले कई दिनों से सड़क बनाने का काम चल रहा है। उस इलाके के विधायक जरनैल सिंह कई दिनों से पीडब्लयूडी विभाग के इंजीनियरों से कह रहे थे कि वे उन्हें कॉन्ट्रैक्टर से मिलवाएं और उनके लिए कमीशन का इंतजाम करें। हमारे इंजीनियर ने पुलिस स्टेशन जाकर शिकायत दर्ज कराई है और उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की जा रही है।

चूंकि जरनैल सिंह को कोई कमीशन नहीं मिला, इसलिए जब भी रात में सड़क बनती थी, तो वे सुबह वहां जाकर उसे खुदवा देते थे और फिर इस भ्रष्टाचार का वीडियो बनाकर पोस्ट कर देते थे। आज जब मैं उस रास्ते से गुजर रहा था, तो मैंने इंजीनियरों से कहा कि मैं एक बार सारे काम का निरीक्षण करना चाहता हूं। जब मैं वहां रुका और काम देखा, तो वह बहुत अच्छे से हो रहा था। स्थानीय लोगों ने मुझे बताया कि 15 साल से सड़क नहीं बनी थी और अब इसका निर्माण हो रहा है। शायद आम आदमी पार्टी इस बात से बहुत नाखुश है कि दिल्ली में सभी सड़कें बन रही हैं, जिनमें वे सड़कें भी शामिल हैं जो 15 साल से नहीं बनी थीं।

उन्होंने कहा कि मैंने खुद 45 मिनट तक उनका इंतजार किया। मैंने वहां मौजूद अपने कार्यकर्ताओं को नहीं बुलाया। जब जरनैल सिंह आए, तो उन्होंने पहले ही अपने कार्यकर्ताओं को बता दिया था और उनके साथ आए थे। आते ही उन्होंने वहां बदसलूकी शुरू कर दी। जब उनके एक कार्यकर्ता ने मेरे परिवार को गाली दी, तो ऐसी स्थिति में कोई भी गुस्से में प्रतिक्रिया देगा और मैंने भी वही किया। मैं आम आदमी पार्टी से कहना चाहता हूं कि आप जो काम नहीं कर पाए, हमारी सरकार कर रही है। इसीलिए पेट में दर्द हो रहा है।

इसी बीच, आप विधायक कुलदीप कुमार ने कहा कि यह देश के लोकतंत्र के लिए बहुत दुखद क्षण है कि दिल्ली में भाजपा सरकार का हिस्सा रहे और खुद को मुख्यमंत्री मानने वाले एक मंत्री ने अपने भ्रष्टाचार का पर्दाफाश करने वाले एक युवक को थप्पड़ मार दिया। पीडब्ल्यूडी द्वारा बनाई गई सड़क, जिसके मंत्री प्रवेश वर्मा हैं, 15 मिनट के भीतर ही उखड़ गई और जब युवक ने इसका लाइव उदाहरण रिकॉर्ड करने और दिखाने की कोशिश की तो मंत्री ने उसे थप्पड़ मार दिया ताकि उनके भ्रष्टाचार का पर्दाफाश न हो सके।

## राहुल गांधी समेत विपक्षी नेताओं का संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम करना एकमात्र एजेंडा: जेपी नड्डा



नई दिल्ली ,(आरएनएस)। केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयोग पर लगाए जा रहे आरोपों पर राहुल गांधी और विपक्ष पर निशाना साधा है। केंद्रीय मंत्री ने सोमवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि राहुल गांधी समेत विपक्ष के नेताओं का एकमात्र एजेंडा देश की स्वतंत्र और संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम और उन्हें कमजोर करना है। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा, आज जब 140 करोड़ भारतीय अपनी कड़ी मेहनत से विकसित भारत का संकल्प पूरा कर रहे हैं और दुनियाभर में भारत का नाम हो रहा है, तो दुख की बात है कि कांग्रेस और पूरा इंडी गठबंधन देश की इस तरक्की को देखकर निराश और हताश है। विपक्ष के सभी झूठे आरोप तथ्यों की कसौटी पर बार-बार गलत साबित हुए हैं। चुनाव आयोग से लेकर देश की सबसे बड़ी अदालतों तक, उनके हर झूठ की पोल खुल चुकी है। जब उनके पास कोई नीति या विजन नहीं होता, तो वे देश में भ्रम और अराजकता फैलाने के लिए नई-नई साजिशें रचते हैं। कुछ दिन पहले ही हमने देखा कि कैसे एक झूठी खबर पर पूरे देश में हंगामा खड़ा किया गया था। अब, जब चुनाव आयोग के सभी सदस्यों ने उनके लगाए हर झूठ का पर्दाफाश कर दिया है, तो वे फिर से माहौल खराब करने की कोशिश कर रहे हैं। राहुल गांधी कान खोलकर सुन लें! किसी झूठ को सौ बार दोहराने से वह सच नहीं बन जाता और न ही सच कभी हारता है। राहुल गांधी, अरविंद केजरीवाल, अखिलेश यादव और ममता बनर्जी का एकमात्र एजेंडा देश की स्वतंत्र और संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम करना और उन्हें कमजोर करना है। यह वही टूलकिट मानसिकता है जो देश के विकास को रोकने के लिए हर सुबह एक नई साजिश रचती है।

## *पंजाब में 49 पराली जलाने की घटनाएं दर्ज, 10 मामलों में लगाया गया 50 हजार रुपये जुर्माना*

*पटियाला (आरएनएस)। पंजाब में धान की पराली जलाने के मामलों को लेकर पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (पीपीसीबी) की ओर से 27 सितंबर 2026 तक की निगरानी एवं कार्रवाई रिपोर्ट जारी की गई है। रिपोर्ट के अनुसार राज्य में अब तक 49 पराली जलाने की घटनाएं दर्ज की गई हैं, जिनमें से 35 मामलों में फील्ड निरीक्षण किया गया, जबकि 14 स्थानों पर फसल अवशेष जलाने की पुष्टि हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक पराली जलाने के मामलों में अब तक 10 मामलों में पर्यावरणीय मुआवजा लगाया गया, जिसकी कुल राशि 50,000 रुपये है। इनमें से 10,000 रुपये की राशि वसूल की जा चुकी है। वहीं, एक मामले में बीएनएस की धारा 223 के तहत एफआईआर दर्ज की गई है, जबकि 7 मामलों में रेड एंट्री दर्ज की गई है। अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई, चार्जशीट या निलंबन जैसी कोई कार्रवाई नहीं की गई है। हालांकि 4 मामलों में नोटिस, कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। फिरोजपुर में 5 स्थानों पर पराली जलाने की पुष्टि, 4 मामलों में जुर्माना 20,000 रुपये का जुर्माना, जिसमें 5,000 रुपये वसूले गए। 4 रेड एंट्री और 4 नोटिस दर्ज किए गए। तरनतारन में 8 मामले दर्ज हुए। 3 मामलों में पराली जलाने की पुष्टि, 3 मामलों में 15,000 रुपये जुर्माना, जबकि 3 रेड एंट्री दर्ज की गई हैं।*

## दिल्ली में जहरीली हवा पर बड़ा एक्शन, 1 नवंबर से निर्माण कार्यों पर रोक, दफ्तरों के टाइम में भी बड़ा फेरबदल

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सर्दियों के मौसम में घुटने वाले दमघोंटू प्रदूषण से निपटने के लिए दिल्ली सरकार ने अभी से कड़े और बड़े फैसले ले लिए हैं। सरकार ने आगामी 1 नवंबर 2026 से 31 जनवरी 2027 तक धूल उड़ाने वाली सभी तोड़-फोड़ और बाहरी सिविल निर्माण गतिविधियों पर कड़ा प्रतिबंध लगा दिया है। वहीं, जब प्रदूषण अपने चरम पर होता है, यानी 10 दिसंबर 2026 से 20 जनवरी 2027 के बीच, पूरी दिल्ली में निर्माण और ध्वस्तीकरण के तमाम कार्यों पर 'टोटल बैन' रहेगा।सड़कों पर गाड़ियों का दबाव और उससे निकलने वाले धुएं को नियंत्रित करने के मकसद से सरकार ने दफ्तरों को लेकर भी सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं। 1 नवंबर 2026 से 28 फरवरी 2027 तक सरकारी और निजी (प्राइवेट) दोनों क्षेत्रों के कार्यालयों में 50 फीसदी 'वर्क फ्रॉम होम' अनिवार्य रूप से लागू रहेगा। इसका मतलब यह है कि दफ्तरों में कर्मचारियों की उपस्थिति आधी कर दी जाएगी; यानी 50 प्रतिशत स्टाफ घर से काम संभालेगा और बाकी 50 प्रतिशत ही ऑफिस आ सकेगा। सड़कों पर पीक आवर्स के दौरान लगने वाले भीषण ट्रैफिक जाम से वायु गुणवत्ता और खराब न हो, इसके लिए दिल्ली सरकार ने 1 नवंबर से 28 फरवरी तक सरकारी कार्यालयों के समय में भी फेरबदल किया है। नई समय-सारिणी के अनुसार, दिल्ली नगर निगम (M C D) के अधीन आने वाले कार्यालय सुबह 8:30 बजे से शाम 5:00 बजे तक संचालित होंगे।



# गुप्त रूप से यूएई पहुंचे नेतन्याहू, राष्ट्रपति शेख मोहम्मद से की मुलाकात



## 7 अक्टूबर हमले से पहले यूएई की कथित चेतावनी को लेकर विवाद के बीच हुई मुलाकात

अबू धाबी/तेल अवीव, (आरएनएस)। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को अचानक संयुक्त अरब अमीरात की गुप्त यात्रा की और अबू धाबी में राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से मुलाकात की। इजरायली मीडिया और अधिकारियों के हवाले से सामने आई जानकारी के अनुसार, नेतन्याहू निजी विमान से अबू धाबी पहुंचे और करीब चार घंटे वहां रहने के बाद इजरायल लौट गए। हालांकि, नेतन्याहू कार्यालय और संयुक्त अरब अमीरात के विदेश मंत्रालय ने यात्रा और मुलाकात को लेकर तत्काल कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया।

इजरायली चैनल-12 की रिपोर्ट के अनुसार, नेतन्याहू रविवार दोपहर बेन गुरियन हवाई अड्डे से निजी विमान से रवाना हुए। विमान दोपहर करीब 3 बजकर 10 मिनट पर अबू धाबी पहुंचा। करीब चार घंटे बाद शाम 7 बजकर 10 मिनट पर विमान इजरायल के लिए रवाना हुआ और रात में वहां पहुंच गया। रिपोर्ट के मुताबिक, नेतन्याहू ने संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद के साथ मुलाकात की।

मुलाकात में किन मुद्दों पर चर्चा हुई, इसकी आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। इजरायली प्रधानमंत्री कार्यालय ने भी बैठक के एजेंडे या बातचीत का विवरण सार्वजनिक नहीं किया है।

नेतन्याहू की यह गुप्त यात्रा ऐसे समय हुई है, जब इजरायल में 7 अक्टूबर, 2023 के हमले से पहले संयुक्त अरब अमीरात की ओर से कथित चेतावनी मिलने को लेकर विवाद चल रहा है।

इजरायली समाचार पत्र 'हारेत्ज' की एक रिपोर्ट में दावा किया गया था कि हमास के हमले से करीब 10 दिन पहले संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद ने नेतन्याहू को हमास की ओर से बड़े हमले की तैयारी के बारे में चेताया था। बाद की रिपोर्टों में इस कथित बातचीत और संयुक्त अरब अमीरात की खुफिया सूचना के बारे में अलग-अलग विवरण सामने आए हैं।

कुछ रिपोर्टों में दावा किया गया कि कथित चेतावनी इजरायल के शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों तक नहीं पहुंची। हालांकि, इस दावे की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है।

नेतन्याहू ने संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति से ऐसी कोई चेतावनी मिलने से इनकार किया है। उनके कार्यालय ने रिपोर्टों को गलत बताया और कहा कि यदि संयुक्त अरब अमीरात के पास कोई प्रासंगिक खुफिया जानकारी थी, तो उसे दोनों देशों के संबंधित खुफिया माध्यमों के जरिए साझा किया जाना था। नेतन्याहू ने इस मामले में 'हारेत्ज' के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की बात भी कही है।

संयुक्त अरब अमीरात की ओर से भी इस मामले पर अलग-अलग समय में परस्पर भिन्न रिपोर्टें सामने आई हैं। एक अमीराती अधिकारी ने सितंबर में इस बात से इनकार किया था कि राष्ट्रपति स्तर पर नेतन्याहू को ऐसी चेतावनी दी गई थी।

### ईरान पर बड़ा हमला कर सकता है अमेरिका, मिडटर्म इलेक्शन से पहले ट्रंप बोले- "हम बहुत जल्द जीतने वाले हैं"

नई दिल्ली(आरएनएस)। ईरान के साथ जारी टकराव के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि अमेरिका इस संघर्ष में "बहुत जल्द" जीत हासिल करेगा। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि अमेरिका में होने वाले मध्यावधि चुनावों से पहले ईरान के खिलाफ दोबारा सैन्य कार्रवाई की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।रविवार को पीजीए टूर प्रेसिडेंट्स कप के दौरान फॉक्स न्यूज से बातचीत में ट्रंप ने कहा कि संघर्ष समाप्त होने के बाद वैश्विक तेल कीमतों में बड़ी गिरावट देखने को मिलेगी और वे युद्ध से पहले के स्तर के करीब पहुंच सकती हैं। ट्रंप ने एक बार फिर कहा कि अमेरिका का प्रमुख उद्देश्य ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकना है।

जब ट्रंप से पूछा गया कि क्या अमेरिका मध्यावधि चुनावों से पहले ईरान के खिलाफ फिर से सैन्य कार्रवाई कर सकता है, तो उन्होंने इस संभावना को पूरी तरह खारिज नहीं किया।

## नेपाल में फिर बाढ़ और भूस्खलन से 21 की मौत, नदियां खतरनाक स्तर के ऊपर

काठमाण्डू(आरएनएस)। नेपाल में पिछले दिनों भोटेकोशी और त्रिशुली नदी में आई बाढ़ का दुख अभी खत्म नहीं हुआ था, पिछले कुछ दिनों से पहाड़ी देश में हो रही बारिश ने एक बार फिर जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। नेपाल में बाढ़ और भूस्खलन की वजह से पिछले कुछ दिनों में 21 लोगों की मौत हो गई है। लगातार बारिश की वजह से नदियों का जलस्तर भी खतरनाक स्तर पर है। अधिकारियों ने बारिश के दौरान सतर्क रहने का आग्रह किया है।

शनिवार रात पालपा जिले के मथागढ़ी ग्रामीण नगरपालिका में भूस्खलन से एक घर मलबे में दब गया, जिससे 5 लोगों की मौत हो गई। सभी शव रविवार सुबह बरामद किए गए।

इसके अलावा, पिछले 4 दिनों में बाढ़, भूस्खलन, बिजली गिरने और बारिश से जुड़ी घटनाओं में 16 मौत हो गई, जिससे कुल मृतकों की संख्या 21 हुई है।

नेपाल में पिछले 5 दिनों में मानसून से संबंधित 439 घटनाएं दर्ज की गईं, जबकि 1,284 लोगों को बचाया गया।

रिपोर्ट के मुताबिक, लुम्बिनी प्रांत के रूपन्देही जिले में, तिनाऊ नदी का पानी खतरे के निशान को पार कर गया और शनिवार रात को बुटवल में 6 घरों को बहा दिया।

चितवन जिले में नारायणी नदी और रीयू नदी रविवार तड़के खतरे के निशान से ऊपर बह गईं।

देवघाट पर नारायणी नदी का जलस्तर 9.23 मीटर (खतरे का निशान 9 मीटर) तक पहुंच गया, जबकि रीयू नदी का जलस्तर 3.92 मीटर (खतरे का निशान 3.8 मीटर) होग या।

## ट्रंप ने शी जिनपिंग से पूछा- क्या अमेरिका से हथियार खरीदना चाहेंगे?

बीजिंग(आरएनएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को लेकर एक ऐसा खुलासा सामने आया है, जिसने अमेरिका-चीन संबंधों और ताइवान के मुद्दे पर नई चर्चा छेड़ दी है। चीन में अमेरिका के राजदूत डेविड परड्यू के अनुसार, ट्रंप ने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से बातचीत के दौरान यह तक पूछ लिया था कि क्या चीन स्वयं अमेरिका से हथियार खरीदने में रुचि रखता है।

परड्यू ने रविवार को यह जानकारी साझा की। एक रिपोर्ट के मुताबिक, उन्होंने बताया कि ट्रंप ने ताइवान को प्रस्तावित अमेरिकी हथियार बिक्री का बचाव करते हुए शी जिनपिंग से कहा कि अमेरिका दुनिया के कई देशों को हथियार बेचता है और ताइवान को की जा रही बिक्री भी इसी नीति का हिस्सा है। इसी बातचीत के दौरान ट्रंप ने शी से पूछा कि क्या चीन खुद अमेरिका से हथियार खरीदना चाहेगा। हालांकि, परड्यू ने यह स्पष्ट नहीं किया कि यह प्रस्ताव किस अवसर पर या किस बैठक के दौरान दिया गया था। चीन उन देशों में शामिल है, जिन पर अमेरिका ने लंबे समय से हथियारों की बिक्री पर प्रतिबंध लगा रखा है। वर्ष 1989 में तियानमेन चौक की घटना के बाद यह प्रतिबंध और कड़ा किया गया था। ऐसे में यदि अमेरिका और चीन के बीच हथियारों की बिक्री का कोई समझौता आगे बढ़ता, तो यह दोनों देशों की दशकों पुरानी सैन्य नीति में बड़ा बदलाव माना जाता।

# ब्रिटेन में अमेरिकी एयरबेस के पास 5 संदिग्ध गिरफ्तार, आतंकी हमले की तैयारी का शक; 85 घर खाली कराए

लंदन (ए.)। ब्रिटेन में अमेरिकी सैन्य एयरबेस के पास पांच लोगों की गिरफ्तारी के बाद हड़कंप मच गया है। दक्षिण-पश्चिम इंग्लैंड के ग्लॉस्टरशायर में स्थित RAF फेयरफोर्ड के पास इन पांचों को गिरफ्तार किया गया। ब्रिटिश काउंटर टेररिज्म पुलिस के मुताबिक, पांचों को पहले विस्फोटक अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया था। बाद में उन्हें आतंकवादी कार्रवाई की तैयारी के शक में हिरासत में लिया गया। पुलिस ने कहा है कि मामले की जांच अभी शुरुआती दौर में है और पांचों संदिग्ध कस्टडी में हैं।मामला 27 सितंबर की रात करीब 12.45 बजे सामने आया। पुलिस को सूचना मिली थी कि तीन संदिग्ध वाहन एयरबेस की ओर बढ़ रहे हैं। इसके बाद हथियारबंद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया। सुरक्षा के मद्देनजर आसपास के करीब 85 घरों को खाली कराया गया। तीनों वाहनों के चारों ओर 400 मीटर का सुरक्षा घेरा बनाया गया। सेना की बम डिस्पोजल टीम ने मौके पर पहुंचकर वाहनों की जांच की। पुलिस ने अभी तक गिरफ्तार किए गए पांचों लोगों की पहचान या उनकी नागरिकता सार्वजनिक नहीं की है। पुलिस ने केवल इतना बताया है कि मामला तीन संदिग्ध वाहनों से जुड़ा है। घटनास्थल की तस्वीरों और वीडियो में बम डिस्पोजल रोबोट को एक सफेद वैन के आसपास जांच करते देखा गया। दो वैन के पिछले दरवाजे



खुले हुए थे और उनके आसपास कुछ काली वस्तुएं भी दिखाई दीं। हालांकि, पुलिस ने अभी यह पुष्टि नहीं की है कि ये वस्तुएं क्या थीं या संदिग्ध किस तरह की तैयारी कर रहे थे।

**ट्रंप बोले- बड़ा नुकसान करने की तैयारी में थे**

ब्रिटिश पुलिस ने अभी तक गिरफ्तार किए गए लोगों के अंतिम मकसद का खुलासा नहीं किया है। इतना जरूर बताया गया है कि उन पर आतंकवादी कार्रवाई की तैयारी का शक है। पुलिस ने लोगों से अटकलें नहीं लगाने की अपील की है और कहा है कि अधिकारी घटनास्थल से सबूत जुटा रहे हैं।अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी मामले पर बयान दिया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका और ब्रिटेन की एजेंसियां इस मामले में मिलकर काम कर रही थीं। ट्रंप के मुताबिक, गिरफ्तार किए गए लोग "बड़ा नुकसान" करने की तैयारी में थे। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिकी अधिकारी लंबे समय से इन लोगों पर नजर रख रहे थे।

**ईरान कनेक्शन की भी जांच**

इस मामले में RAF फेयरफोर्ड को अहम कड़ी माना जा रहा है। यह एयरबेस ब्रिटेन में स्थित है, लेकिन इसका इस्तेमाल अमेरिकी वायुसेना करती है। ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई के दौरान अमेरिकी विमानों ने इसी एयरबेस से ईरानी ठिकानों पर कार्रवाई की थी।

ईरान पहले कह चुका है कि उसके खिलाफ हमलों में इस्तेमाल होने वाले ऐसे सैन्य ठिकाने उसके लिए वैध निशाना हो सकते हैं। इसी वजह से जांचकर्ता यह भी पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि गिरफ्तारियों का ईरान से कोई संबंध है या नहीं। हालांकि, अभी तक ब्रिटिश पुलिस ने गिरफ्तार किए गए लोगों को ईरान से जोड़ने वाला कोई सबूत सार्वजनिक नहीं किया है।

# मनोरंजन

## गोविंदा-सुनीता विवाद में कोमल रानी का पलटवार, बोलीं- टूटे घर को कोई नहीं तोड़ सकता



अभिनेता गोविंदा और उनकी पत्नी सुनीता आहूजा के वैवाहिक जीवन को लेकर चल रही चर्चाओं के बीच अभिनेत्री कोमल रानी स्वर्णकार ने सुनीता के हालिया बयानों पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। गोविंदा के साथ कथित रिश्ते को लेकर चर्चा में रही कोमल ने शनिवार को अपने इंस्टाग्राम पर एक लंबा बयान साझा किया। हालांकि, उन्होंने अपने संदेश में सुनीता या गोविंदा का नाम सीधे तौर पर नहीं लिया, लेकिन उनका बयान मौजूदा विवाद के संदर्भ में देखा जा रहा है।

कोमल ने अपने बयान में कहा कि जो घर पहले से टूटा हुआ हो, उसे कोई दूसरा व्यक्ति नहीं तोड़ सकता। उन्होंने लिखा, जो औरत अपने ही पति को वर्षों से जान से मारने की कोशिश कर रही हो, ऐसी औरतों की बद्दुआएं किसी को नहीं लगतीं। जो घर पहले से ही टूटा हुआ हो, उसमें कोई घर तोड़ने वाला नहीं हो सकता। उन्होंने आगे कहा कि देश के लोग इतने नासमझ नहीं हैं कि किसी के कह देने भर से किसी के पीछे चल पड़ें।कोमल ने यह भी सवाल उठाया कि निजी वैवाहिक विवाद को सार्वजनिक मंच पर क्यों लाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उन्हें समझ नहीं आता कि कोई व्यक्ति अपने दर्द को दूर करने के बजाय उसे सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित क्यों कर रहा है। उन्होंने सवाल किया कि यह वास्तव में दर्द है या फिर किसी सोची-समझी योजना का हिस्सा।अपने बयान में कोमल ने आरोप लगाया कि एक व्यक्ति को लगातार मानसिक रूप से परेशान करना, उसे काम करने से रोकना, घर पर बैठने के लिए मजबूर करना और उसे पूरी तरह अकेला कर देना कहां तक उचित है। उन्होंने कहा कि उनके अनुसार कोई समर्पित पत्नी अपने पति के साथ इस तरह का व्यवहार नहीं कर सकती।

## सनी लियोनी ने 80 के दशक के रेट्रो बीच लुक से मचाई सनसनी, विंटेज अंदाज ने जीता फैंस का दिल



बॉलीवुड एक्ट्रेस सनी लियोनी अक्सर अपने नए-नए लुक्स से सोशल मीडिया पर तहलका मचाती रहती हैं। इस बार उन्होंने 80 के दशक के रेट्रो-विंटेज बीच थीम पर आधारित एक स्पेशल फोटोशूट कराया है, जिसने उनके चाहने वालों का दिल जीत लिया है। क्लासिक वॉश-आउट टोन और 80 के दशक एस्थेटिक्स के साथ प्रस्तुत ये तस्वीरें किसी पुरानी मैगजीन के कवर जैसी दिखती हैं।

तस्वीरों में सनी लियोनी का लुक पूरी तरह से 80 और 90 के दशक के पॉपुलर बीच-वेयर ट्रेंड से प्रेरित है। पहली तस्वीर में सनी ने रेड और वाइट फ्लोरल प्रिंटेड नॉटी-बिकिनी टॉप के साथ मैचिंग रेड रेट्रो रनिंग शॉर्ट्स पहना है, जिसमें वाइट बॉर्डर की डिटेलिंग है। दूसरी तस्वीर में सनी सी-ग्रीन और वाइट फ्लोरल प्रिंट वाले स्ट्रैपलेस नॉटेड बिकिनी टॉप में समुद्र किनारे रिलैक्स करती नजर आ रही हैं। तीसरी तस्वीर में उन्होंने बंधनी/बैंडाना प्रिंट वाला रेड नॉटेड क्रॉप टॉप और हाई-वेस्ट ब्लैकिश-ब्लू डेनिम जीन्स पहनी है, जिस पर ब्लैक लेदर बेल्ट बेहद क्लासी लग रही है। 80 के दशक के सिग्नेचर स्टाइल को री-क्रिएट करते हुए सनी ने वोल्यूमिनस मेसी कर्ली हेयर स्टाइल चुना है। उनके खुले, घने और कर्ली बाल पूरे लुक में एक विंटेज ड्रामा जोड़ते हैं। न्यूड और पीची लिपस्टिक, ब्रॉन्ज्ड चीकबोन्स और हल्का स्मोकी आई मेकअप उनके लुक में जान डाल रहा है।

## मौसम बदलने के बाद बीमार पड़ गए हैं? इन 5 उपायों को अपनाकर महसूस होगा आराम

मौसम में बदलाव होते ही लोगों को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। खासतौर से बदलते मौसम में सर्दी-जुकाम और बुखार जैसी बीमारियां आम हो जाती हैं। इसके अलावा मौसम के बदलाव से शरीर में कमजोरी, सिरदर्द और पेट की समस्याएं भी हो सकती हैं। अगर आपको भी मौसम का असर महसूस होता है तो इन 5 उपायों को अपनाकर आप इस परेशानी से बच सकते हैं।



### रोजाना करें कसरत

रोजाना कसरत करने से आपका शरीर स्वस्थ रहता है। कसरत से शरीर में गर्मी बनी रहती है और आप ठंड से बच सकते हैं।

इसके अलावा नियमित कसरत करने से आपकी रोगों से लड़ने की क्षमता भी बढ़ती है, जिससे आप बीमारियों से लड़ने में सक्षम होते हैं। रोजाना कुछ मिनट योग या व्यायाम करने से आपका शरीर फिट रहता है और आप तरोताजा महसूस करते हैं।

आप जिम जा सकते हैं या घर पर ही कसरत कर सकते हैं।

### सही खाना खाएं

सही खाना आपके शरीर को जरूरी पोषण देता है, जिससे आपकी बीमारियों से लड़ने की क्षमता बढ़ती है। मौसमी फल और सब्जियों का सेवन करें, जो विटामिन-सी और अन्य जरूरी चीजों से भरपूर हों, ताकि आपकी सेहत बनी रहे।

इसके अलावा हरी पत्तेदार सब्जियां, दालें और सूखे मेवे भी अपने खाने में शामिल करें। इनसे आपकी बीमारियों से लड़ने की क्षमता बढ़ती है और आप बीमारियों से बच सकते हैं।

### पूरी नींद लें

पूरी नींद लेना बहुत जरूरी है, क्योंकि यह आपके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए अहम है। अच्छी नींद लेने से आपका शरीर आराम करता है और ऊर्जा मिलती है, जिससे आप पूरे दिन तरोताजा महसूस करते हैं।

इसके अलावा अच्छी नींद लेने से आपका दिमाग भी बेहतर तरीके से काम करता है, जिससे आप तनाव मुक्त रहते हैं और आपकी बीमारियों से लड़ने की क्षमता बढ़ती है।

रोजाना 7-8 घंटे की नींद लेना अच्छा माना जाता है।

### हाथ धोने की आदत डालें

हाथ धोना एक सरल, लेकिन असरदार तरीका है, जिससे आप कई बीमारियों से बच सकते हैं। खासतौर से बाहर खाने-पीने या किसी सार्वजनिक स्थान पर जाने के बाद अपने हाथों को अच्छे से धोना न भूलें।

साबुन और पानी से हाथ धोने के अलावा अल्कोहल वाले हाथ साफ करने वाले का उपयोग भी करें। इससे कीटाणु और बैक्टीरिया खत्म होते हैं, जो आपकी सेहत के लिए हानिकारक हो सकते हैं।

### गर्म कपड़े पहनें

गर्म कपड़े पहनकर आप ठंड से बच सकते हैं और अपने शरीर को गर्म रख सकते हैं। ऊनी स्वेटर, मफलर, टोपी और मोजे पहनें, ताकि आपका पूरा शरीर ठंड से सुरक्षित रहे।

इसके अलावा जब भी बाहर निकलें तो अपने साथ एक छाता या बारिश की जैकेट रखें ताकि बारिश में भीगने से बच सकें। इन सरल उपायों को अपनाकर आप मौसम के बदलाव से होने वाली बीमारियों से सुरक्षित रह सकते हैं।

## सही तरीके से कैसे की जाती है थौरैसिक ब्रिज एक्सरसाइज? जानिए कुछ अहम बातें

थोरैसिक ब्रिज एक ऐसी एक्सरसाइज है, जो आपके शरीर की मुद्रा को सुधारने और रीढ़ की हड्डी को मजबूत बनाने में मदद कर सकती है। यह एक्सरसाइज खासतौर पर उन लोगों के लिए फायदेमंद है, जो लंबे समय तक कुर्सी पर बैठकर काम करते हैं या जिनकी पीठ में दर्द रहता है। इस लेख में हम आपको इस एक्सरसाइज को सही तरीके से करने के तरीके और इससे जुड़ी कुछ अहम बातें बताएंगे।

### थोरैसिक ब्रिज क्या है?

थोरैसिक ब्रिज एक ऐसी एक्सरसाइज है, जिसमें आपको उलटे हो कर अपने पेट को ऊपर उठाकर पुल जैसा आकार बनाना होता है। इस दौरान आपके हाथ और पैर जमीन पर होते हैं, जबकि पेट और पीठ ऊपर की ओर होती है।

इसे करने से आपकी पीठ की मांसपेशियां मजबूत होती हैं और दर्द से राहत मिलती है। इसके अलावा यह एक्सरसाइज रीढ़ की हड्डी को सीधा करने में भी मदद करता है, जिससे आपकी मुद्रा बेहतर होती है।

### सही तरीके से कैसे करें थोरैसिक ब्रिज?

थोरैसिक ब्रिज करने के लिए सबसे पहले जमीन पर पीठ के बल लेट जाएं और पैरों को घुटनों से मोड़ लें। अब हाथों को कंधे की सीध में फैलाएं और धीरे-धीरे अपनी पीठ को ऊपर उठाएं, जिससे आपका शरीर पुल जैसा आकार ले लेगा।

इस स्थिति में कुछ सेकंड तक रहें और फिर धीरे-धीरे वापस सामान्य अवस्था में आ जाएं। इस प्रक्रिया को कई बार दोहराएं।



ध्यान रखें कि इस दौरान आपकी गर्दन सीधी होनी चाहिए।

### नियमित अभ्यास का महत्व

थोरैसिक ब्रिज का नियमित अभ्यास करना बहुत जरूरी है, ताकि आपको इसके पूरे फायदे मिल सकें। शुरूआत में इसे दिन में एक बार करें और धीरे-धीरे इसके अभ्यास का समय बढ़ाएं।

अगर आप इसे सही तरीके से करेंगे तो आपको जल्द ही इसका असर महसूस होने लगेगा। इससे आपकी पीठ की मांसपेशियां मजबूत होंगी और दर्द से राहत मिलेगी।

इसके अलावा आपकी मुद्रा भी बेहतर होगी, जिससे आप अधिक आत्मविश्वास महसूस करेंगे।

### अन्य एक्सरसाइज के साथ करें थोरैसिक ब्रिज

थोरैसिक ब्रिज अकेले ही नहीं, बल्कि अन्य एक्सरसाइज के साथ मिलाकर करना चाहिए, ताकि आपके पूरे शरीर की कसरत हो सके। आप इसे प्लैंक, स्क्वाट्स या पुश-अप्स जैसी अन्य कसरत के साथ जोड़ सकते हैं।

इससे न केवल आपकी पीठ मजबूत होगी, बल्कि पूरे शरीर की ताकत भी बढ़ेगी। इसके अलावा इन सभी कसरत को मिलाकर करने से आपकी मांसपेशियों का संतुलन भी बेहतर होगा और आप अधिक फिट महसूस करेंगे।

### ध्यान में रखने वाली बातें

थोरैसिक ब्रिज करते समय कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए, ताकि किसी प्रकार की चोट न लगे। अगर आपकी पीठ में पहले से ही दर्द हो या कोई गंभीर समस्या हो तो इसे करने से पहले डॉक्टर की सलाह लें।

इसके अलावा गर्भवती महिलाओं को भी इसको करने से बचना चाहिए या केवल डॉक्टर की सलाह पर ही इसे करना चाहिए। इन सभी बातों का ध्यान रखते हुए आप थोरैसिक ब्रिज का सही तरीके से अभ्यास कर सकते हैं।

## उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत मूल्यांकन परीक्षा में 1 हजार 109 शिक्षार्थियों ने लिया भाग

गरियाबंद, (आरएनएस)। उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत राष्ट्रव्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा का आयोजन 27 सितंबर को जिले के सभी विकासखण्डों, ग्राम पंचायतों एवं वार्डों में राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण रायपुर के निर्देशानुसार किया गया। परीक्षा के सफल आयोजन के लिए कलेक्टर रणबीर शर्मा एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रखर चंद्राकर के निर्देशन पर जिला परियोजना अधिकारी तथा संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं।

महापरीक्षा के लिए जिले में कुल 2 हजार 366 शिक्षार्थियों का पंजीयन कराया गया था। इनमें से 1 हजार 109 शिक्षार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। परीक्षा में 718 महिला एवं 391 पुरुष शिक्षार्थी शामिल हुए। जिले में परीक्षा के लिए कुल 118 परीक्षा केन्द्र बनाए गए थे। जहां निर्धारित प्रक्रिया के तहत शिक्षार्थियों का मूल्यांकन किया गया। गरियाबंद जिले के उपजेल में भी महापरीक्षा का आयोजन किया गया। यहां कुल 17 पंजीकृत कैदियों में से 13 शिक्षार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। उन्होंने परीक्षा देकर साक्षर बनने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम आगे बढ़ाया।

परीक्षा के दौरान एसडीएम सुश्री हितेश्वरी बाघे, जिला शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार चन्द्राकर, जिला परियोजना अधिकारी बुद्धविलास सिंह तथा विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी गजेन्द्र ध्रुव सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## 11 किलो गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

कबीरधाम (आरएनएस)। सिटी कोतवाली पुलिस और एएनटीएफकी टीम ने नया बस स्टैंड से छिरहा मार्ग पर कार्रवाई करते हुए एक अंतरराज्यीय गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 10 किलो 98 ग्राम गांजा और मोबाइल फोन समेत करीब 5 लाख 10 हजार रुपये का मशरूका जब्त किया गया है।

पुलिस के अनुसार 27 सितंबर को मुखबिर से सूचना मिली थी कि यादव होटल के पास एक युवक काले रंग के बैग में गांजा लेकर बिक्री के लिए ग्राहक तलाश रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर घेराबंदी कर संदिग्ध युवक को पकड़ा। पूछताछ में उसने अपना नाम रामू सिंह (22), निवासी कन्नौज, उत्तरप्रदेश बताया।

तलाशी के दौरान उसके काले रंग के सफारी बैग से खाकी झिल्ली और टेप में लिपटा पैकेट बरामद हुआ। जांच में पैकेट में गांजा मिला, जिसका वजन 10 किलो 98 ग्राम निकला। पुलिस ने गांजे की अनुमानित कीमत करीब 5 लाख रुपये और आरोपी के पास से Oppo.6× मोबाइल करीब 10 हजार रुपये कीमत का जब्त किया।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफसिटी कोतवाली में अपराध क्रमांक 419/2026 के तहत धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया और न्यायिक प्रक्रिया के तहत भेज दिया।

पुलिस अब गांजा कहां से लाया गया था और इसे कहां पहुंचाया जाना था, इसकी जानकारी जुटा रही है। एएनटीएफ टीम संभावित खरीदारों और तस्करी नेटवर्क से जुड़े लोगों के संबंध में भी पूछताछ कर रही है।

पुलिस के मुताबिक पिछले दो दिनों में चिल्फी और सिटी कोतवाली थाना क्षेत्रों में गांजा तस्करी के मामलों में कार्रवाई करते हुए कुल पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इन मामलों में करीब 27.63 लाख रुपये का गांजा और अन्य मशरूका जब्त किया गया है।

कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक लालजी सिन्हा, एएनटीएफ प्रभारी निरीक्षक महेश प्रधान सहित पुलिस और एएनटीएफ टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# वोट चोरी के आरोपों को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन, कलेक्ट्रेट घेरकर की कार्रवाई की मांग

### पीएम, गृहमंत्री और मुख्य चुनाव आयुक्त का पुतला फूंका; केंद्र सरकार और चुनाव आयोग के खिलाफ की नारेबाजी

धमतरी (आरएनएस)। कथित 'वोट चोरी' और मतदाता सूची में अनियमितताओं के आरोपों को लेकर सोमवार को जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने धमतरी में प्रदर्शन किया।




जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता जनपद चौक के पास एकत्रित हुए और केंद्र सरकार तथा निर्वाचन आयोग के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधियों का पुतला फूंका। इसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रैली के रूप में कलेक्ट्रेट पहुंचकर घेराव किया और मुख्य निर्वाचन आयुक्त के खिलाफ कार्रवाई तथा गिरफ्तारी की मांग की। प्रदर्शन को देखते हुए जनपद चौक से कलेक्ट्रेट तक पुलिस बल तैनात किया गया था। पुतला दहन के दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच पुतला छीनने को लेकर कुछ देर नोकझोंक और झूमाझटकी की स्थिति बनी, हालांकि कांग्रेस कार्यकर्ता पुतला जलाने में सफल रहे। इसके बाद कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे और बैरिकेड्स के सामने बैठकर नारेबाजी करते हुए अपना विरोध दर्ज कराया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार निर्वाचन आयोग जैसी संवैधानिक संस्था की स्वतंत्रता को प्रभावित कर रही है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची और चुनाव प्रक्रिया को लेकर उठ रहे सवालों की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए तथा मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाकर उनके खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। विधायक ओंकार साहू सहित अन्य नेताओं ने कहा कि संविधान ने प्रत्येक नागरिक को मतदान का अधिकार दिया है और चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता तथा मतदाता के अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करना जरूरी है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मामले की निष्पक्ष जांच नहीं हुई तो आने वाले दिनों में आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की कार्यप्रणाली और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर कांग्रेस देश के विभिन्न हिस्सों में प्रदर्शन कर रही है और उनके इस्तीफे या कार्रवाई की मांग उठा रही है।

## इंद्रावती में रिकॉर्ड बाढ़, 833 लोग सुरक्षित

जगदलपुर (आरएनएस)। चक्रवाती तूफान 'अर्नब' के प्रभाव से हुई मूसलाधार बारिश के चलते इंद्रावती नदी में पिछले 50 वर्षों का सर्वाधिक जलस्तर दर्ज किया गया। नदी का जलस्तर बढ़कर 12.39 मीटर पहुंच गया, जबकि खतरे का स्तर 8.3 मीटर है। इससे पहले 9 जुलाई 1973 को 12.18 मीटर जलस्तर दर्ज किया गया था।बाढ़ के कारण नदी तटवर्ती क्षेत्रों में कई गांव जलमग्न हो गए और सड़क संपर्क टूट गया। जिला प्रशासन, एसडीआरएफ और बचाव दलों ने राहत एवं बचाव अभियान चलाकर अब तक 833 लोगों को सुरक्षित निकाला है। इनमें 821 लोगों को नावों के जरिए और डोंगाघाट में फंसे 12 लोगों को हेलीकॉप्टर से एयरलिफ्ट कर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया।जलस्तर घटने के साथ राहत और बचाव कार्यों में तेजी लाई जा रही है। बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए जिले में 65 राहत शिविर संचालित किए जा रहे हैं, जहां 8,894 नागरिकों को ठहराया गया है। इनमें शहरी क्षेत्र के 8 शिविरों में 2,620 और ग्रामीण क्षेत्र के 57 शिविरों में 6,274 लोग शामिल हैं।

राहत शिविरों में प्रभावित नागरिकों के लिए भोजन, स्वच्छ पेयजल, दवाइयों और स्वास्थ्य परीक्षण समेत आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की गई है।

## जिला अस्पताल में प्रसव के बाद महिला की मौत, परिजनों ने इलाज में लापरवाही का लगाया आरोप

जांजगीर-चांपा (आरएनएस)। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान एक महिला की मौत के बाद परिजनों ने हंगामा कर दिया। परिजनों ने अस्पताल के स्टाफनर्स पर गलत इंजेक्शन लगाने और इलाज में लापरवाही बरतने का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार सारा गांव थाना क्षेत्र के अफरीद गांव निवासी गर्भवती महिला को 24 सितंबर को प्रसव के लिए जिला अस्पताल लाया गया था। 25 सितंबर को उसकी सामान्य डिलीवरी हुई, लेकिन इसके बाद महिला की तबीयत लगातार बिगड़ती गई। 27 सितंबर की रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## महानदी का जलस्तर बढ़ा, शिवरीनारायण में प्रशासन अलर्ट; पुल पर आवागमन बंद

जांजगीर-चांपा, (आरएनएस)। महानदी के बढ़ते जलस्तर और तटीय क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर कलेक्टर जन्मेजय महोबे और पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय ने शिवरीनारायण पहुंचकर बैराज, पुल, तटीय क्षेत्रों और राहत शिविर का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने सुरक्षा, राहत और बचाव की तैयारियों की समीक्षा कर संबंधित विभागों को सतत निगरानी के निर्देश दिए। महानदी पुल पर आवागमन बंद महानदी पुल पर जलप्रवाह बढ़ने के कारण सुरक्षा की दृष्टि से आवागमन बंद कर दिया गया है। पुल और आसपास के क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाई गई है। लोगों को तेज बहाव वाले पानी के पास नहीं जाने की समझाइश दी जा रही है। संवेदनशील क्षेत्रों में स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। राहत शिविर में भोजन-पानी और स्वास्थ्य सुविधा शिवरीनारायण के श्री महंत लालदास महाविद्यालय में बनाए गए राहत शिविर में प्रभावित लोगों के ठहरने के साथ भोजन, स्वच्छ पेयजल, प्रकाश, स्वच्छता और शौचालय की व्यवस्था की गई है। प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य विभाग की टीमें तैनात हैं और नियमित स्वास्थ्य जांच के साथ जरूरी दवाइयां उपलब्ध कराई जा रही हैं।

## एसआईआर पर निर्वाचन आयोग के अहम फैसले, नोटिस पाने वालों के घर पहुंचेंगे बीएलओ

एमसीबी, (आरएनएस)। भारत निर्वाचन आयोग ने विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) को लेकर मतदाताओं की सुविधा के लिए कई अहम फैसले किए हैं। 26 सितंबर की बैठक में आयोग ने निर्देश दिया कि अनमैप्ड या तार्किक विसंगतियों के कारण नोटिस पाने वाले मतदाताओं को कार्यालय बुलाने के बजाय बीएलओ उनके घर जाकर आवश्यक दस्तावेज एकत्र करेंगे। आयोग ने जरूरतमंद लोगों के लिए हेल्प डेस्क और विशेष शिविर लगाने तथा दावे-आपत्तियां दर्ज कराने की अवधि बढ़ाने के भी निर्देश दिए हैं। घर जाकर दस्तावेज लेंगे बीएलओ नोटिस पाने वाले मतदाताओं के घर जाकर बीएलओ आवश्यक दस्तावेज एकत्र करेंगे और उन्हें ईसीआईनेट पर अपलोड किया जाएगा। इसके आधार पर ईआरओ निर्णय लेंगे। सामान्य परिस्थितियों में ऐसे मतदाताओं को ईआरओ या एईआरओ कार्यालय में सुनवाई के लिए बुलाने की आवश्यकता नहीं होगी। विशेष परिस्थितियों में ऑनलाइन सुनवाई की जा सकेगी।

जरूरतमंदों के लिए हेल्प डेस्क जिला निर्वाचन अधिकारियों को रैन बसेरों में रहने वाले लोगों, श्रमिकों, निर्धन और बेघर लोगों की सुविधा के लिए जरूरत के अनुसार हेल्प डेस्क और विशेष शिविर लगाने के निर्देश दिए गए हैं। आयोग ने एसआईआर प्रक्रिया में फॉर्म-6 के साथ दी गई घोषणा को मान्य बताया है। ईसीआईनेट की होगी समीक्षा ईसीआईनेट प्रणाली की समीक्षा के लिए वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त की अध्यक्षता में समिति गठित की जाएगी। इसमें आईआईटी या आईआईआईटी के स्वतंत्र विशेषज्ञों को भी शामिल किया जाएगा।

## मुख्यमंत्री ने पूरी तरह से ढहे मकान के 10 बाढ़ पीड़ितों को 13 लाख के चेक प्रदान किए



जगदलपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जगदलपुर स्थित पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागार में संचालित बाढ़ राहत शिविर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शिविर में ठहरे प्रभावित परिवारों से बेहद आत्मीयता से भेंटकर उनका कुशलक्षेम जाना और मौके पर उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने आपदा प्रबंधन में तत्परता के साथ पहल करने के लिए जिला प्रशासन के अधिकारियों और आपदा प्रबंधन दलों की सराहना की। इस संकट के बीच संवेदनशीलता का परिचय देते हुए मुख्यमंत्री ने उन 10 बाढ़ पीड़ितों को 13 लाख रुपये की तात्कालिक सहायता राशि के चेक प्रदान किए, जिनके मकान इस आपदा में पूरी तरह ढह गए थे। उन्होंने पीड़ितों को भरोसा दिलाया कि इस कठिन समय में राज्य सरकार पूरी दृढ़ता से उनके साथ खड़ी है। वर्तमान में इस शिविर में 795 प्रभावित रह रहे हैं, जिनके लिए भोजन, शुद्ध पेयजल, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण और जरूरी दवाओं की आपूर्ति की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया और सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश उपस्थित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि प्रभावितों के मकान, मवेशी और अन्य नुकसान का त्वरित सर्वे कराकर हरसंभव सहायता पहुंचाई जाएगी। शासन की सहायता के साथ ही समाज के विभिन्न वर्गों और सामाजिक संस्थाओं ने भी राहत कार्यों में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई है।

# खेल समाचार

# पारुल चौधरी ने रचा इतिहास, 3000 मीटर स्टीपलचेज में नया नेशनल रिकॉर्ड बनाकर जीता कांस्य पदक

मेरठ (आरएनएस)। जापान के नागोया में आयोजित एशियन गेम्स 2026 में भारत की स्टार एथलीट पारुल चौधरी ने एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश का परचम लहराया है। उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले के इकलौता गांव की रहने वाली पारुल ने महिलाओं की 3000 मीटर स्टीपलचेज स्पर्धा के फाइनल में अपने ही पुराने नेशनल रिकॉर्ड को ध्वस्त करते हुए 9 मिनट 08.67 सेकंड का शानदार समय निकाला और कांस्य पदक (ब्रॉन्ज मेडल) पर कब्जा जमाया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के साथ ही पारुल 3000 मीटर स्टीपलचेज में 9 मिनट 10 सेकंड से कम समय निकालने वाली देश की पहली महिला धाविका बन गई हैं।

**वर्ल्ड क्लास रनर्स के बीच तोड़ा अपना ही रिकॉर्ड, अंकिता चौथे स्थान पर रहीं**

फाइनल मुकाबला बेहद कड़ा और तेज गति वाला रहा। बहरीन की स्टार रनर विनफ्रेड यावी ने 9 मिनट 04.36 सेकंड के समय के साथ नया एशियन गेम्स रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया, जबकि कजाकिस्तान की नोराह जेरुतो तानुई ने 9 मिनट 06.82 सेकंड के साथ रजत पदक अपने नाम किया। पारुल ने 2025 में बनाए गए अपने पुराने नेशनल




रिकॉर्ड (9:12.46) को करीब चार सेकंड के बड़े अंतर से पीछे छोड़ते हुए तीसरा स्थान हासिल किया। इसी स्पर्धा में भारत की उभरती धाविका अंकिता ने भी 9:19.24 का अपना पर्सनल बेस्ट समय निकालकर चौथा स्थान हासिल किया।

**नंगे पैर दौड़ने से लेकर अंतरराष्ट्रीय पोडियम तक का संघर्ष**

पारुल चौधरी का जीवन कड़ी मेहनत और अटूट लगन की मिसाल है। किसान परिवार से ताल्लुक रखने वाली पारुल, पिता कृष्णपाल चौधरी और मां राजेश देवी के चार बच्चों में से एक हैं। शुरुआती दिनों में आधुनिक संसाधनों और जूतों के अभाव के बावजूद पारुल ने 2011 में स्कूली स्तर पर नंगे पैर दौड़कर 800 मीटर से अपने एथलेटिक्स करियर का आगाज किया था। इसके बाद उन्होंने 1500 और 3000 मीटर के सफर को तय करते हुए 5000 मीटर और 3000 मीटर स्टीपलचेज को अपनी मुख्य स्पर्धा बनाया और देश को कई अंतरराष्ट्रीय पदक दिलाए।

**रेलवे से शुरू हुआ सफर, अब मुरादाबाद में संभाल रही हैं DSP का पद**

ट्रैक पर लगातार बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर पारुल को 2015 में पश्चिम रेलवे में नौकरी मिली। इसके बाद खेलों में उनके असाधारण योगदान और अंतरराष्ट्रीय उपलब्धियों को देखते हुए उत्तर प्रदेश सरकार ने 27 जनवरी 2024 को उन्हें यूपी पुलिस में सीधे डिप्टी सुपरिंटेंडेंट ऑफ पुलिस (डीएसपी) के पद पर नियुक्त किया। वर्तमान में वे मुरादाबाद जिले में डीएसपी पद पर अपनी सेवाएं दे रही हैं और ड्यूटी के साथ-साथ देश के लिए पदकों की झड़ी लगा रही हैं।

### एशियन गेम्स 2026 : कुराश में पिंकी बल्हारा को ब्रॉन्ज मेडल से करना पड़ा संतोष, सेमीफाइनल में मिली हार

नागोया (आरएनएस)। भारत की पिंकी बल्हारा ने सोमवार को एशियन गेम्स 2026 में कुराश के -78 किग्रा वर्ग में ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। हालांकि, उन्हें सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा। 2018 में जकार्ता में हुए एशियन गेम्स में सिल्वर मेडल जीतने वाली पिंकी एशियन गेम्स 2026 के सेमीफाइनल मैच में साउथ कोरिया की मो सुमिन से 0-5 से हार गईं और गोल्ड मेडल के मुकाबले में जगह नहीं बना पाईं। सेमीफाइनल में सुमिन का पिंकी के खिलाफ पूरी तरह से दबदबा देखने को मिला। भारतीय खिलाड़ी को एक डक्की (कुराश में दो चेतावनी) मिली। वहीं, सुमिन ने पहले आधा प्वाइंट (चाला) और बाद में योनबोश (पूरा प्वाइंट) हासिल करके मुकाबला 5-0 से जीत लिया।

## एशियन गेम्स 2026 : शूटिंग से भारत की झोली में आया एक और मेडल, ईशा ने 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में जीता सिल्वर

टोयोटा (आरएनएस)। भारत की निशानेबाज ईशा सिंह ने सोमवार को एशियाई खेल 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में सिल्वर मेडल अपने नाम किया। अत्यधिक दबाव



के बीच ईशा ने गजब के मानसिक संतुलन का परिचय दिया। प्रतियोगिता के दौरान उन्हें कई बार कठिन शूट-ऑफ का सामना करना पड़ा, लेकिन उन्होंने अपनी एकाग्रता नहीं खोई और दृढ़ संकल्प के साथ दूसरा स्थान हासिल कर देश को गौरवान्वित किया। एशियन गेम्स में ईशा का यह तीसरा सिल्वर मेडल है। इससे पहले उन्होंने हांग्जो 2023 में 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत और टीम स्पर्धाओं में सिल्वर मेडल जीता था। ईशा ने 580-22× के स्कोर के साथ आठवें स्थान पर रहते हुए मुश्किल से फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था। हालांकि, मेडल राउंड शुरू होते ही भारतीय खिलाड़ी ने उस शुरुआती संघर्ष को पीछे छोड़ दिया और फाइनल की शुरुआत अपने पांच शॉट्स में पांच परफेक्ट हिट्स के साथ की। शुरुआती दौर में वह लीडर्स में बनी रहीं, लेकिन टॉप पर मुकाबला बार-बार कड़ा होता रहा। चीन की जिओ जियारुइक्सुआन लगातार परफेक्ट सीरीज के साथ आगे बढ़ गईं, जबकि उत्तर कोरिया की किम ह्योन सुक भी मेडल की दौड़ में मजबूती से बनी रहीं। एलिमिनेशन राउंड में और भी उतार-चढ़ाव आए। तीन हिट्स के बाद ईशा स्टैंडिंग में नीचे खिसक गईं, लेकिन उन्होंने शानदार वापसी करते हुए 5/5 का स्कोर किया और खुद को मुकाबले में बनाए रखा। जब वियतनाम की ट्रिन्ह थू विन्ह बाहर हुईं, तो भारतीय खिलाड़ी का मेडल पक्का हो गया।

इसके बाद ब्रॉन्ज मेडल के लिए मुकाबला ईशा और किम के बीच शूट-ऑफ के एक असाधारण क्रम में बदल गया, क्योंकि दोनों 34 हिट्स पर बराबरी पर थीं। दोनों शूटर्स ने शुरुआत में तीन-तीन हिट्स किए, जिससे एक और शूट-ऑफ की स्थिति बन गई। एक तकनीकी रुकावट ने तनाव और बढ़ा दिया, जिसके बाद सिंगल-शॉट की स्थिति के साथ मुकाबला फिर से शुरू हुआ। आखिरकार ईशा ने बाजी मारी और ब्रॉन्ज मेडल की स्थिति पक्की की और गोल्ड के लिए जिओ से मुकाबला करने का हक हासिल किया।

फाइनल मुकाबला भी उतना ही रोमांचक रहा। जिओ और ईशा के बीच सिर्फ एक हिट का अंतर था, तभी भारतीय खिलाड़ी ने चार हिट्स लगाकर एक और शूट-ऑफ की स्थिति बना दी। इसके बाद दोनों शूटर्स ने चार-चार हिट्स किए, जिससे मुकाबला एक और शूट-ऑफ में चला गया। गोल्ड मेडल बस मिलने ही वाला था कि ईशा ने दो हिट किए, जबकि शियाओ ने तीन हिट किए, जिससे भारतीय खिलाड़ी को सिल्वर मेडल से संतोष करना पड़ा। उनके कुल स्कोर 38 तक पहुंचे, जो 2023 में हांग्जो एशियन गेम्स में चीन की लियू रुई द्वारा बनाए गए 38 हिट के गेम्स रिकॉर्ड के बराबर था।इस मेडल के साथ ईशा की तेजी से बढ़ती उपलब्धियों की सूची में एक और कामयाबी जुड़ गई है। भारतीय खिलाड़ी के नाम अभी महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल का वर्ल्ड रिकॉर्ड है। उन्होंने मई में म्यूनिख वर्ल्ड कप में 43 हिट किए थे और वह अभी वर्ल्ड नंबर एक भी हैं। ईशा का सिल्वर मेडल भारत के लिए शूटिंग रेंज में एक रोमांचक सुबह का समापन था, जो टीम फाइनल में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद आया। टीम फाइनल में एक जरूरी टारगेट चूकने के कारण भारतीय महिलाएं पांचवें स्थान पर रहीं। भारतीय टीम में दो बार की ओलंपिक मेडलिस्ट मनु भाकर, एशियन गेम्स की सिल्वर मेडलिस्ट ईशा सिंह और कई बार की एशियन गेम्स की मेडलिस्ट राही सरनोबत शामिल थीं।

## एशियन गेम्स 2026 : लवलीना ने बॉक्सिंग में पक्का किया एक और मेडल, क्वार्टर फाइनल में सियोंग को हराया

निशियो (आरएनएस)। भारत की स्टार बॉक्सर लवलीना बोरगोहेन ने सोमवार को निशियो जिम्नेजियम में कोरिया की सियोंग सुयोन के खिलाफ महिलाओं के 75 किग्रा क्वार्टर फाइनल मुकाबले में 5-0 से शानदार जीत हासिल कर एशियन गेम्स 2026 में अपना मेडल पक्का कर लिया है। लवलीना ने इस जीत के साथ ही सेमीफाइनल में अपनी जगह बना ली है। पिछले एशियन गेम्स की सिल्वर मेडलिस्ट बोरगोहेन ने इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अपना दूसरा एशियन गेम्स मेडल पक्का कर लिया है। दोनों ही खिलाड़ियों ने मुकाबले की शुरुआत डिफेंसिव अंदाज में की, लेकिन भारतीय बॉक्सर ने कुछ सटीक पंच लगाकर पहला राउंड 5-0 से अपने नाम किया। बोरगोहेन ने अपनी लंबे कद का फायदा उठाया और कुछ काउंटर पंच व जैब लगाकर दूसरा राउंड भी जीत लिया। भारतीय बॉक्सर ने आखिरी राउंड में भी अपनी लय बनाए रखी और एशियन गेम्स 2010 की ब्रॉन्ज मेडलिस्ट पर जबरदस्त प्रहार किए। इसके बाद तीसरा राउंड भी 5-0 से जीतकर उन्होंने मुकाबला अपने नाम किया। सभी जजों ने उनके पक्ष में 30-27 का स्कोर दिया। मौजूदा एशियन गेम्स में यह ऐसा चौथा मेडल है, जो भारत को मुक्केबाजी में मिलना पक्का हो गया है। नरेंद्र बेरवाल ने पुरुषों के +90 किग्रा कैटेगरी के क्वार्टर फाइनल में अथापोंग सेंगटेप को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाते हुए देश के लिए तीसरा मेडल पक्का किया था।

इससे पहले, अंकुश पांघल और परवीन हुड्डा भी अपनी-अपनी कैटेगरी में मेडल पक्का कर चुके हैं।

# एशियन गेम्स 2026 : सेमीफाइनल में पहुंची टीम इंडिया, बारिश की भेंट चढ़ा अफगानिस्तान के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मैच




निशिन (आरएनएस)। टीम इंडिया ने एशियन गेम्स 2026 के सेमीफाइनल का टिकट हासिल कर लिया है। कोरोगी स्पोर्ट्स पार्क में होती झमाझम बारिश के चलते भारत और अफगानिस्तान के बीच होने वाला क्वार्टर फाइनल मुकाबला बारिश की भेंट चढ़ा। आईसीसी टी20 इंटरनेशनल रैंकिंग में अफगानिस्तान से ऊपर होने के कारण भारतीय टीम को बिना मैदान पर उतरे ही सेमीफाइनल में जगह मिल गई है। भारतीय टीम टी20 इंटरनेशनल रैंकिंग में पहले स्थान पर है, जबकि अफगानिस्तान 10वें नंबर पर मौजूद है। बारिश की वजह से मैच में टॉस भी नहीं हो सका और मैदान पूरी तरह से कवर्स से ढका रहा। श्रेयस अय्यर की कप्तानी में भारतीय टीम अब एक अक्टूबर को दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला खेलने उतरेगी। इससे पहले, इसी ग्राउंड पर सोमवार को पाकिस्तान और हांगकांग (चीन) के बीच होने वाला पहला क्वार्टर फाइनल मुकाबला बारिश की भेंट चढ़ा। पाकिस्तान की आईसीसी टी20 रैंकिंग हांगकांग (चीन) से बेहतर होने के कारण उन्हें सेमीफाइनल का टिकट मिला। टूर्नामेंट का तीसरा और चौथा क्वार्टर फाइनल मुकाबला मंगलवार को इसी मैदान पर खेला जाएगा। तीसरे क्वार्टर फाइनल मैच में श्रीलंका की भिड़ंत नेपाल के साथ होनी है जबकि चौथे क्वार्टर फाइनल में बांग्लादेश का सामना मलेशिया से होगा।

एशियन गेम्स 2026 में हिस्सा लेने से पहले भारतीय टीम ने जापान के खिलाफ एकमात्र टी20 इंटरनेशनल मुकाबला खेला था। बारिश के कारण यह मैच 5-5 ओवर का खेला गया था, जहां भारतीय टीम रोमांचक मुकाबले में 2 रनों से जीत दर्ज करने में सफल रही थी।

## एशियन गेम्स 2026 : एक भी गेंद नहीं खेली, फिर भी पाकिस्तान ने सेमीफाइनल में बनाई जगह? जानें क्या है नियम

नई दिल्ली (आरएनएस)। एशियन गेम्स 2026 के क्रिकेट इवेंट में बारिश का असर नॉकआउट मुकाबलों पर पड़ने लगा है। पाकिस्तान और हांगकांग, चीन के बीच 28 सितंबर को खेला जाने वाला क्वार्टरफाइनल मुकाबला बारिश के कारण रद्द हो गया। मैच में एक भी गेंद नहीं फेंकी जा सकी। एशियन गेम्स के नियमों के तहत बेहतर रैंकिंग वाली टीम को अगले दौर में प्रवेश मिलता है। इसी नियम के चलते पाकिस्तान को बिना मैच खेले सेमीफाइनल में जगह मिल गई, जबकि हांगकांग, चीन का टूर्नामेंट में सफर समाप्त हो गया। हांगकांग ने ग्रुप स्टेज के अपने मुकाबलों में बेहतर प्रदर्शन करते हुए क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई थी। 28 सितंबर को उसका सामना पाकिस्तान से होना था। हालांकि, तेज बारिश के कारण मुकाबला समय पर शुरू नहीं हो सका। यहां तक कि टॉस भी नहीं हो पाया। मैच रेफरी ने काफी देर तक परिस्थितियों में सुधार का इंतजार किया, लेकिन मैदान खेलने लायक नहीं बन सका। इसके बाद मैच को रद्द करने का फैसला लिया गया।

**सेवा संकल्प अभियान : सफलता की कहानी**

## शासन की औद्योगिक नीतियों का लाभ लेकर आनंद परसाई ने स्थापित किया उद्योग

नर्मदापुरम (निप्र)। शासन की औद्योगिक नीतियों और उद्यमों को प्रोत्साहन देने वाली योजनाओं से जिले में स्थानीय स्तर पर रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं। इटारसी के उद्यमी आनंद परसाई ने शासन की औद्योगिक नीतियों का लाभ लेकर औद्योगिक भूमि प्राप्त की और रामा फूड प्रोडक्ट इकाई स्थापित कर खाद्य उत्पादों का उत्पादन शुरू किया। रामा फूड प्रोडक्ट इकाई के माध्यम से विभिन्न प्रकार के खाद्य उत्पादों जैसे मेक्रॉमी पास्ता, सूजी रवा के खाद्य उत्पादों का उत्पादन किया जा रहा है, जिनकी मांग जिले के साथ-साथ अन्य जिलों में भी है। वर्तमान में इकाई द्वारा लगभग 5 जिलों में अपने उत्पादों की सप्लाई की जा रही है। इससे स्थानीय स्तर पर व्यवसाय को विस्तार मिला है और बाजार में उत्पादों की पहुंच भी बढ़ी है। उद्यमी आनंद परसाई ने बताया कि शासन की औद्योगिक नीतियों के माध्यम से उन्हें औद्योगिक भूमि उपलब्ध हुई, जिससे इकाई स्थापित करने में सुविधा मिली। इकाई के संचालन से वर्तमान में 25 लोगों को प्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्राप्त हो रहा है। इसके अलावा उत्पादन, परिवहन, पैकेजिंग, आपूर्ति एवं अन्य गतिविधियों से कई लोग अप्रत्यक्ष रूप से भी जुड़े हुए हैं। श्री परसाई ने बताया कि शासन की अन्य योजनाओं एवं सुविधाओं का भी उन्हें लाभ मिला है, जिससे इकाई के संचालन और विस्तार में सहयोग प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा उद्योग एवं उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं से स्थानीय युवाओं एवं उद्यमियों को अपना व्यवसाय स्थापित करने और रोजगार के अवसर सृजित करने में मदद मिल रही है।

# भोपाल में कांग्रेस के पैदल मार्च में नर्मदापुरम जिले ने की बड़ी भागीदारी

### कांग्रेस जिलाध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय के नेतृत्व में बड़ी संख्या में शामिल हुए कांग्रेसी

नर्मदापुरम। इटारसी। भोपाल ( निप्र)। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के नेतृत्व में भोपाल स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय से लोकतांत्रिक एवं जनहित के मुद्दों को लेकर पैदल मार्च निकाला गया। प्रदेशभर से बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता इस मार्च में शामिल हुए।पैदल मार्च में नर्मदापुरम 'जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय के नेतृत्व में जिले से बड़ी संख्या में कांग्रेसजन भोपाल पहुंचे और कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता निभाई। नर्मदापुरम जिले के विभिन्न ब्लॉकों एवं नगरों से पहुंचे कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूरे उत्साह के साथ मार्च में भाग लेकर संगठन की एकजुटता का परिचय दिया।'इस अवसर पर 'जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय ने कहा कि नर्मदापुरम जिले का कांग्रेस संगठन लोकतंत्र और जनहित से जुड़े हर मुद्दे पर प्रदेश नेतृत्व के साथ मजबूती से खड़ा है।' प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के नेतृत्व में आयोजित इस पैदल



मार्च में जिले के कांग्रेसजनों ने बड़ी संख्या में शामिल होकर अपनी एकजुटता और संगठन के प्रति प्रतिबद्धता प्रदर्शित की है। कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता जनता के अधिकारों और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए सदैव संघर्ष करता रहेगा। उन्होंने कहा कि नर्मदापुरम जिले के कांग्रेस कार्यकर्ता संगठन के प्रत्येक कार्यक्रम में पूरी ताकत के साथ सहभागिता करते हैं और आने वाले समय में भी प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार जनहित के मुद्दों को लेकर सक्रिय भूमिका निभाएंगे।कार्यक्रम में नर्मदापुरम जिले से पहुंचे कांग्रेस पदाधिकारियों ब्लॉक अध्यक्षों नगर अध्यक्षों सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। जिले की इस व्यापक भागीदारी को संगठनात्मक एकजुटता के रूप में देखा गया। कार्यक्रम के तत्पश्चात जिला कांग्रेस अध्यक्ष गुड्डन पांडेय ने अपने साथियों सहित प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी मध्य प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी मध्य प्रदेश कांग्रेस समन्वयक मानक अग्रवाल से भेंट की। यह जानकारी जिला कांग्रेस प्रवक्ता अनिल रैकवार द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी गई।

## बच्चों के बीच पहुँचे सुयश मिश्रा आँगन मिलन सेवा में बांटी शैक्षणिक सामग्री




नर्मदापुरम (निप्र)। मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय नर्मदा महाविद्यालय नर्मदापुरम् की ओर से मालाखेड़ी स्थित आँगनबाड़ी केंद्र में आँगन मिलन सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। महाविद्यालय के प्राध्यापकों शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने बच्चों को कापी पेंसिल रबर कटर बिस्किट एवं केले वितरित किए। सामग्री पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। कार्यक्रम नोडल अधिकारी डॉ कृष्णगोपाल मिश्र कार्यक्रम अधिकारी एवं एनएसएस प्रभारी डॉ संतोष अहिरवार डॉ सुनील दिवाकर तथा राजीव द्विवेदी के निर्देशन में संपन्न हुआ। महाविद्यालय के पूर्व छात्र संस्कार भारती के जिला महामंत्री एवं सोशल मीडिया एन्फ्लूएंसर सुयश मिश्रा विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर सुयश मिश्रा ने कहा कि आँगनबाड़ी केंद्र किसी भी बच्चे के जीवन के शुरुआती विकास और मजबूत नींव तैयार करने की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं। बच्चों को शिक्षा के साथ पोषण स्वच्छता और सुरक्षित वातावरण मिलना उनके स्वस्थ भविष्य के लिए आवश्यक है। इसके लिए परिवार और आँगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के बीच निरंतर संवाद और सहयोग होना चाहिए। उन्होंने कहा कि आंगन मिलन सेवा जैसे प्रयास बच्चों तक आवश्यक शैक्षणिक सामग्री पहुँचाने के साथ समाज को बाल विकास के प्रति जागरूक करने का माध्यम भी हैं। आँगनबाड़ी केंद्र प्रभारी श्रीमती किरण दिसोरिया की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम ने जनसेवा एवं सामाजिक सहभागिता का संदेश दिया।

## डॉ दिनेश श्रीवास्तव के नेतृत्व में केलादेवी की स्मृति में आसरा वृद्धाश्रम के बुजुर्गों को पितृपक्ष में कायस्थ महासभा ने कराया भोजन



नर्मदापुरम( निप्र)। पितृपक्ष के पावन अवसर पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा मध्यभारत नर्मदापुरम युवा नगर अध्यक्ष डॉ दिनेश श्रीवास्तव के नेतृत्व में रविवार को एक सराहनीय और संवेदनशील पहल की गई है। महासभा के सदस्यों ने आसरा वृद्धाश्रम पहुंचकर महासभा के जिला महामंत्री अशोक श्रीवास्तव की माताजी केलादेवी श्रीवास्तव की पुण्यतिथि पर वहां रह रहे बुजुर्गों को आदर.समान के साथ भोजन कराया और उनका आशीर्वाद लिया। महासभा के पदाधिकारियों ने बताया कि पितृपक्ष में पूर्वजों के स्मरण के साथ. साथ बुजुर्गों की सेवा करना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। इसी भावना के साथ संगठन के सभी सदस्यों ने वृद्धाश्रम के बुजुर्गों के साथ समय बिताया उनका कुशलक्षेम जाना और उन्हें रुचिपूर्ण भोजन परोसा। भोजन पाकर बुजुर्गों के चेहरे खिल उठे और उन्होंने पूरी महासभा को दिल से दुआएं दीं। इस भावुक क्षण में कायस्थ महासभा के प्रांतीय सचिव राजीव खरे जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र नाथ श्रीवास्तव जिला उपाध्यक्ष पवन सक्सेनाा जिला महासचिव राजेश कुलश्रेष्ठ सुरेश सक्सेना निधि श्रीवास्तव कई प्रमुख पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे। इस पुनीत कार्य को करने की आसरा आश्रम की अधीक्षिका निर्मला माथनकर ने कायस्थ महासभा की प्रशंसा करते हुए कहा कि कायस्थ महासभा सदस्य निरंतर यहां से जुड़े रहते है और हमेशा सहयोग करते हैं।

### पिपरिया को जिला बनाने की बनी हुई है मांग, पूर्व में दिए गए हैं ज्ञापन

पिपरिया। बनखेड़ी ( निप्र)। प्रदेश की अनेक तहसीलों को जिले का दर्जा मिलने के बाद से ही पिपरिया को जिला बनाए जाने की मांग बनी हुई है। पिपरिया के साथ ही आसपास की तहसीलों से भी मांग उठने लगी है कि नर्मदापुरम जाने के लिए दूरी है समय और आर्थिक परेशानी भी होती है।

पूर्व में पिपरिया को जिला बनाने की मांग को लेकर बनखेड़ी के नागरिकों ने राज्यपाल के नाम बनखेडी तहसीलदार को ज्ञापन दिए भी थे। बनखेडी के पार्षद सहित अनेक लोगों ने मांग कर चुक हैं। इस क्षेत्र के लोगों का मानना है कि पिपरिया जिला बनने से क्षेत्र के किसानों, छात्रों और सभी वर्ग के लोगों को राहत मिलेगी। अभी बनखेडी से जिला केन्द्र 90 किलोमीटर पडता है। जिसमें पूरा दिन लगता है। परेशानी अलग होती है।

### आंगन मिलन कार्यक्रम में योजनाओं की जानकारी के साथ पोषण और पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

नर्मदापुरम( निप्र)। मुख्यमंत्री सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सोमवार को पिपरिया विकासखंड के ग्राम मटकुली में आंगन मिलन कार्यक्रम विधायक ठाकुरदास नागवंशी की अध्यक्षता में उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय ग्रामीणों, महिलाओं, बच्चों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।आंगन मिलन कार्यक्रम का उद्देश्य शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों तक पहुंचाने तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने के संबंध में संवाद स्थापित करना रहा। कार्यक्रम में एक ही आंगन में उपस्थित होकर गर्भावस्था से लेकर वृद्धावस्था तक संचालित विभिन्न योजनाओं एवं उनके लाभों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा कार्यक्रम में पोषण प्रदर्शनी भी लगाई गई।

## स्वच्छता परववाडे के तहत डाक विभाग ने निकाली रैली

### प्रधान डाकघर नर्मदापुरम ने दिया स्वच्छता ही सेवा का संदेश




नर्मदापुरम( निप्र)। डाक विभाग की ओर से सोमवार को स्वच्छता पखवाड़े के तहत मुख्य डाकघर परिसर और आसपास विशेष स्वच्छता अभियान के तहत स्वच्छता ही सेवा रैली निकाली गई। हाथ में स्वच्छता का वेनर लिए विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने मिलकर साफ-सफाई की और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। रैली मुख्य डाकघर से प्रारंभ होकर कलेक्ट्रेट तक पहुंची तथा उसके बाद पुन: मुख्य मार्ग से होते हुए वापस प्रधान डाकघर पहुंची। इस दौरान डाक कर्मचारियों ने नियमित सफाई का संदेश दिया। प्रधान डाकघर नर्मदापुरम द्वारा स्वच्छता पखवाडे के अंतर्गत निकाली गई रैली में पोस्ट मास्टर रामाशीष सिंह, जनसंपर्क निरीक्षक पवन कुमार सिंह, सहायक डाकपाल शंकर सिंह परदेशी, सहित डाक विभाग के कर्मचारियों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। डाक विभाग के जनसंपर्क निरीक्षक पवन कुमार सिंह ने बताया कि रैली के माध्यम से स्वच्छता अभियान के तहत से स्वच्छता ही सेवा का संदेश दिया गया। उन्होंने कहा कि एकजुटता प्रयास से ही प्रभावी वदलाव आ सकता है। स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया गया। डाक विभाग ने आगे भी ऐसे अभियानों में सक्रिय भागीदारी जारी रखने की बात कही।

### आंगनवाड़ी केन्द्र पर सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम आयोजित, राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने हितग्राहियों से किया संवाद

नर्मदापुरम( निप्र)। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया की उपस्थिति




में जिले के सोहागपुर विकासखंड की ग्राम पंचायत नयागांव स्थित आंगनवाड़ी केन्द्र नयाकूकरा में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रथम चरण में आंगनवाड़ी केंद्रों पर विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से बच्चों, महिलाओं एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को जोड़कर सेवा और जनसहभागिता का संदेश दिया गया।साथ ही राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं एवं आशा कार्यकर्ताओं का सम्मान कर उनके कार्यों की सराहना की गई और उत्साहवर्धन किया गया।

## जब पुण्योदय होता है तब भाग्योदय होता है : आचार्य पं अविनाश मिश्रा

सोहागपुर (निप्र)। महर्षि याज्ञवल्क्य सनातन कल्याण समिति के तत्वावधान में आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा एवं सामूहिक मूलपाठ के द्वितीय दिवस की कथा में कथा व्यास आचार्य पं अविनाश मिश्रा ने अपने मार्मिक प्रसंगों में शुकदेवजी के जन्म का वृतांत का विस्तार से वर्णन किया। कथा की शुरुआत करते हुए कहा कि आप सब पर ठाकुर जी की कृपा है। जिसकी वजह से आप अपने पितृों को समर्पित कथा का आज आनंद ले रहे है।

श्रीमद् भगवत कथा का रसपान कर पा रहें हैं क्योंकि जिन्हें गोविन्द जितना प्रदान करते है उसे उतना ही मिलता है। आप भागवत कथा सुनकर कुछ पाना चाहते हैं कुछ सीखना चाहते है तो कथा में प्यासे बन कर आए कुछ सीखने के उद्देश्य से कुछ पाने के उद्देश्य से आएं तो ये भागवत कथा जरूर आपको कुछ नहीं




बल्कि बहुत कुछ देगी।

आचार्य पं मिश्रा ने भीष्म मोक्ष तथा भीष्म स्तुति का विस्तार पूर्वक वृतांत सुनाते हुए कहा कि जब जन्म जन्म के पुण्य उदय होते है तब भक्ति और वैराग्य आता है और यही से भाग्योदय होता है। मनुष्य का जीवन सांसारिक भोग में नही कृष्णभक्ति में होना चाहिए मनुष्य जीवन विषय वस्तु को भोगने के लिए नहीं मिला है लेकिन आज का मानव भगवान की भक्ति को छोड़ विषय वस्तु को भोगने में लगा हुआ है। उसका सारा ध्यान संसारिक विषयों को भोगने में ही लगा हुआ है। मानव जीवन का उद्देश्य कृष्ण प्राप्ति शाश्वत है। उन्होंने कहा कि हमारे जीवन का उद्देश्य कृष्ण को पाकर ही जीवन छोड़ना है और अगर हम ये दृढ़ निश्चय कर लेंगे कि हमें जीवन में कृष्ण को पाना ही है तो हमारे लिए इससे बढ़कर कोई और सुख संपत्ति या सम्पदा नहीं है। भागवत कथा श्रवण करने वालों का सदैव कल्याण करती है। भगवत कथा के समय स्वयं श्रीकृष्ण आपसे मिलने आए हैं। जो भी इस भागवत के तट पर आकर विराजमान हो जाता है भागवत उसका सदैव कल्याण करती है।

उन्होंने कहा कि भागवत में कभी छोटा और बड़े का भेद नहीं होता इनसे आप जो मांगे ये आपको वो मनवांछित फल देती है और अगर कोई कुछ न मांगे तो उसे मोक्ष परियन्त तक की यात्रा कराती है।

इस अवसर पर मूलपाठ यजमान परिवार सुश्री राजो मालवीय किसान मोर्चा के जिला मंत्री साहब सिंह पटेल पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष संतोष मालवीय शशि मालवीय साहब सिंह पटेल पांजरा महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष सरिता चौरसिया सहित समस्त मूल पाठ के यजमान एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## शासकीय कन्या महाविद्यालय सिवनी मालवा में जिला स्तरीय महिला शतरंज प्रतियोगिता संपन्न



नर्मदापुरम (निप्र)। शासकीय कन्या महाविद्यालय सिवनी मालवा में क्रीड़ा विभाग द्वारा मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग के खेल कैलेंडर सत्र 2026-27 के अंतर्गत प्राचार्य डॉ. उमेश कुमार धुर्वे के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय महाविद्यालयीन महिला शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न महाविद्यालयों की महिला खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रतियोगिता में शासकीय गृह विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय नर्मदापुरम, शासकीय पीएम कॉलेज ऑफ ऐक्सिलेंस स्नातकोत्तर महाविद्यालय हरदा, शासकीय पीएम कॉलेज ऑफ ऐक्सिलेंस स्नातकोत्तर महाविद्यालय नर्मदापुरम, शासकीय कन्या महाविद्यालय इटारसी, एनईएस महाविद्यालय नर्मदापुरम एवं शासकीय कन्या महाविद्यालय सिवनी मालवा की महिला खिलाड़ियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. आर.के. रघुवंशी, प्राचार्य, शासकीय कुसुम स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी मालवा रहे। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक अशोक कुमार यादव, शासकीय कुसुम स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी मालवा एवं डॉ. मोहर सिंह हिंडोलिया, प्राचार्य, शासकीय महाविद्यालय डोलरिया की उपस्थिति रही।

अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य डॉ. उमेश कुमार धुर्वे ने कहा कि खेल छात्राओं के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। उन्होंने छात्राओं को पढ़ाई के साथ खेलों में भी सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि शतरंज एकाग्रता, धैर्य, तार्किक क्षमता और सही समय पर निर्णय लेने की क्षमता को विकसित करता है। उन्होंने सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि डॉ. आर.के. रघुवंशी ने अपने संबोधन में कहा कि शतरंज केवल मनोरंजन का खेल नहीं, बल्कि यह बौद्धिक क्षमता एवं रणनीतिक सोच को विकसित करने वाला खेल है। उन्होंने खिलाड़ियों से प्रतियोगिता के दौरान अनुशासन, धैर्य एवं खेल भावना बनाए रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय स्तर पर आयोजित ऐसी प्रतियोगिताएं छात्राओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करती हैं।

## शा0 नर्मदा महाविद्यालय, नर्मदापुरम् द्वारा आँगनबाड़ी केंद्र में 'आँगन मिलन सेवा' कार्यक्रम आयोजित, बांटी शैक्षणिक सामग्री

नर्मदापुरम (निप्र)। मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय नर्मदा महाविद्यालय, नर्मदापुरम् की ओर से मालाखेड़ी स्थित आँगनबाड़ी केंद्र में 'आँगन मिलन सेवा'




कार्यक्रम आयोजित किया गया। महाविद्यालय के प्राध्यापकों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने बच्चों को कापी, पेंसिल, रबर, कटर, बिस्किट एवं केले वितरित किए। सामग्री पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे।कार्यक्रम नोडल अधिकारी डॉ. कृष्णगोपाल मिश्र, कार्यक्रम अधिकारी एवं एन.एस.एस. प्रभारी डॉ. संतोष अहिरवार, डॉ. सुनील दिवाकर तथा राजीव द्विवेदी के निर्देशन में संपन्न हुआ।

महाविद्यालय के पूर्व छात्र, संस्कार भारती के जिला महामंत्री एवं सोशल मीडिया एन्फ्लूएंसर सुयश मिश्रा विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर सुयश मिश्रा ने कहा कि आँगनबाड़ी केंद्र किसी भी बच्चे के जीवन के शुरुआती विकास और मजबूत नींव तैयार करने की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं। बच्चों को शिक्षा के साथ पोषण, स्वच्छता और सुरक्षित वातावरण मिलना उनके स्वस्थ भविष्य के लिए आवश्यक है। इसके लिए परिवार और आँगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के बीच निरंतर संवाद और सहयोग होना चाहिए।

## श्रीरामलीला महोत्सव का 18 दिवसीय भव्य आयोजन 5 अक्टूबर से

### नर्मदा तट पर जारी है तैयारियां, अध्यक्ष ने की कार्यकारिणी की घोषणा

नर्मदापुरम (निप्र)। श्रीरामलीला संयोजक प्रशांतमुन्नु दुबे ने बताया कि श्रीरामलीला महोत्सव के मंचन का 18 दिवसीय भव्य आयोजन 5 अक्टूबर से प्रारंभ हो रहा है जिसके अंतर्गत श्रीराम बारात एवं दशहरा उत्सव के सभी आयोजनों की व्यवस्थाओं सम्बधित सभी तैयारियों के लिए पूर्व विधायक एवं समिति के अध्यक्ष पं गिरिजाशंकर शर्मा ने कार्यकारणी की घोषणा की है। जिसमें उपाध्यक्ष नीतू यादव अध्यक्ष नगरपालिका, धर्माचार्य पं सोमेश परसाई, महेंद्र यादव, प्रबंधक अरुण शर्मा, सचिव . योगेश्वर तिवारी, अतिरिक्त सचिव डीपी वर्मा संयुक्त सचिव अशोक द्विवेदी डॉ संजय गार्गव सहसचिव अभय वर्मा उपाध्यक्ष नपा पार्षद नरेंद्र पटेल शील सोनी कोषाध्यक्ष सुरेश गुप्ता अशोक दुबे विधिक सलाहकार अनुपम दुबे सचिन चौहान लेखा परीक्षक राजेश अत्रे रूपेश सोनी पिंटू स्टेज प्रबंधक सोमदत्त पाठक मदनलाल डोंगरे मन्नूलाल सराठे संजय उपाध्याय विवेक डोंगरे प्रशांत श्रीवास तथा कार्यकारणी में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पं भवानी शंकर शर्मा राकेश फौजदार बीके चौहान अधिवक्ता भूपेंद्र चौकसे अध्यक्ष जनपद पंचायत महेंद्र यादव बाबूलाल कदम प्रमोद सोनी प्रमोद पगारे नारायण खंडेलवाल आर के जैन डॉ कुणाल चौधरी राम नवलानी जे पी दुबे राजेंद्र तिवारी प्रमोद दुबे प्रशांत पालीवाल संतोष उपाध्याय पार्षद अमीन राइन शिवनारायण यादव संजय राय आशीष अग्रवाल महेश चौकसे देवेंद्र चौरसिया शफीक खान मुन्ना पुरोहित मुकेश ठाकुर संजय शर्मा सागर शिवहरे तरुण पालीवाल गोवर्धन यादव गनेंद्र राणे नूतन अग्रवाल ओमकार चंदेल, अर्पित मालवीय सत्यम अदलिया राजा राजेश पटेरिया मयंक दीवान अधिवक्ता एवं मेला प्रबंधक डॉ वैभव शर्मा मुख्य नगर पालिका अधिकारी वैभव देशमुख अजय श्रीवास्तव अधिवक्ता अजय सैनी अनोखी लाल राजोरिया पूनम मेशकर सहायक मेला प्रबंधक सुरेश वर्मा जीवतराम लालवानी राशिम कमल सिंह यादव ब्रजकिशोर शिब्बू महेश महेशकर कन्हैयालाल वर्मा जितेंद्र बडोनिया महिला प्रबंधक सुशीला बाइसकर माया गुप्ता समिति के कार्यकारिणी के अलावा लीला के मंचन के लिए जो कार्य विभाजन किया गया है जिसमें लीला मार्गदर्शन डॉ पं गोपाल प्रसाद खड्डुर, विजय दास महंत पं अजय परसाई लीला संयोजक प्रशांत दुबे मुन्नू, पात्र निर्देशक पंडित सुनील चौरे पात्र अधिकारी दीपेश व्यास सुभाष परसाई अरुण तिवारी मंच संचालक सुखदेव भार्गव अक्षय मिश्रा कला निर्देशक डॉ नमन तिवारी संगीत निर्देशक पं राम परसाई रामसेवक शर्मा आदित्य परसाई अथर्व दुबे आनंद नामदेव सौरभ सराठे लीला के व्यास पुनीत पाठक श्रृंगारी रामगोपाल दुबे माधव दुबे हेमंत मालवीय मधुराम चंदेल अभिषेक पटवा भंडार प्रभारी शिशिर तिवारी मुकुंद दत्त दुबे अतुल दुबे और पात्र समिति में विनोद परसाई शिव दीक्षित मनोज परसाई व्यवस्था सम्हालेंगे।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एव ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णकांत सक्सेना की ओर से आलोक प्रेस,तलैया भोपाल एव श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित। स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 ( नर्मदापुरम मो. 9926434695 ) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com